Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित




दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874




वर्ष: 6 अंक: 269 | मंगलवार , 30 सितंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## साइबर वॉर से निपटने के लिए राजनाथ सिंह ने बताई स्ट्रैटेजी


# 'अब नहीं लगते महीनों-साल, घंटे-सेकेंड में तय होता है युद्ध'

**नई दिल्ली।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि युद्ध अब महीनों में नहीं, घंटों और सेकेंडों में मापा जाता है। सैटेलाइट, ड्रोन और सेंसर युद्ध की प्रकृति को नए सिरे से परिभाषित कर रहे हैं। रक्षा मंत्री ने भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) से भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए रोडमैप विकसित करने का आह्वान किया। आईसीजी के कमांडरों के सम्मेलन के 42वें सत्र में राजनाथ ने यह भी कहा कि साइबर और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध अब काल्पनिक खतरों के रूप में नहीं हैं, बल्कि वास्तविकताएं हैं। उन्होंने कहा कि कोई देश मिसाइलों से नहीं, बल्कि हैकिंग, साइबर हमलों और इलेक्ट्रॉनिक जैमिंग के जरिये

> रक्षा मंत्री ने कहा कि दुनिया भारत का आकलन इस आधार पर करती है कि हम ऐसे संकटों में कैसे काम करते हैं और आईसीजी ने भारत को लगातार सम्मान दिलाया है।

हमारे सिस्टम को पंगु बनाने की कोशिश कर सकता है। आईसीजी को अपने प्रशिक्षण और उपकरणों को लगातार अपडेट करना होगा। हर समय तत्परता सुनिश्चित करने के लिए स्वचालित निगरानी नेटवर्क और एआइ-सक्षम सिस्टम जरूरी हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत की 7,500 किलोमीटर लंबी तटरेखा, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप जैसे द्वीप क्षेत्रों के साथ मिलकर भारी चुनौतियां पेश करती है, जिसके लिए उन्नत प्रौद्योगिकी, अच्छी तरह से प्रशिक्षित कर्मियों और चौबीसों घंटे निगरानी की आवश्यकता है।- रक्षा मंत्री ने कहा कि समुद्री खतरे तेजी से प्रौद्योगिकी-संचालित और बहुआयामी होते जा रहे हैं। आतंकी संगठन अपनी गतिविधियों की साजिश रचने के लिए डिजिटल मैपिंग और खुफिया जानकारी जैसे आधुनिक उपकरणों का दुरुपयोग करते हैं। पारंपरिक तरीके अब पर्याप्त नहीं हैं, हमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग आधारित निगरानी, ड्रोन, साइबर रक्षा प्रणाली और स्वचालित प्रतिक्रिया तंत्र को अपने समुद्री सुरक्षा ढांचे में एकीकृत करके अपराधियों से आगे रहना होगा।



# लद्दाख मुद्दों पर बातचीत के लिए केंद्र के दरवाजे हमेशा खुले

**नई दिल्ली।**




गृह मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि लद्दाख के मुद्दों पर लेह एपेक्स बाडी (एलएबी) और करगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) के साथ बातचीत के लिए केंद्र के दरवाजे हमेशा खुले हैं। मंत्रालय ने विश्वास व्यक्त किया कि लगातार संवाद निकट भविष्य में सकारात्मक परिणाम देगा।केंद्र सरकार का यह बयान ऐसे वक्त आया है जब लेह एपेक्स बाडी ने घोषणा की कि वह सामान्य स्थिति बहाल होने तक केंद्र के साथ बातचीत से दूर रहेगा। एलएबी ने कहा कि यदि सही कदम उठाए जाते हैं, तो वह छह अक्टूबर को होने वाली अगले दौर की बातचीत से पहले लौटने पर पुनर्विचार करेगा। गृह मंत्रालय ने कहा कि वह एलएबी और केडीए के साथ उच्चाधिकार प्राप्त समिति (एचपीसी) या अन्य मंचों के माध्यम से चर्चा का स्वागत करता रहेगा। सरकार ने यह भी बताया कि लद्दाख में 1800 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है। हालांकि, 24 सितंबर को राज्य का दर्जा और लद्दाख को छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर एलएबी द्वारा आहूत बंद के दौरान लेह में व्यापक च्हसक विरोध प्रदर्शन हुए। झड़पों में चार लोग मारे गए और कई अन्य घायल हुए। 50 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया। आंदोलन के प्रमुख चेहरे सोनम वांगचुक को भी एनएसए के तहत हिरासत में लिया गया।

> गृह मंत्रालय ने वार्ता के लिए किया आमंत्रित

# लंदन में महात्मा गांधी की प्रतिमा के साथ तोड़फोड़

**लंदन।**



गांधी जयंती से पहले लंदन के टेविस्टॉक स्क्वायर में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर आपत्तिजनक भित्तिचित्र पाए जाने से भारतीय समुदाय में आक्रोश फैल गया है। भारत के उच्चायोग ने इसे अहिंसा और गांधी की विरासत पर हमला बताया है और स्थानीय प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। लंदन के टेविस्टॉक स्क्वायर में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के साथ की गई तोड़फोड़ की घटना को लेकर भारत ने कड़ी नाराजगी जताई है। ये घटना तब की है जब सोमवार को महात्मा गांधी की प्रतिमा के चबूतरे पर आपत्तिजनक भित्तिचित्र पाए गए, जिसे देखकर वहां मौजूद लोग और भारतीय समुदाय में गहरा आक्रोश फैल गया। इसके बाद लंदन में भारत के उच्चायोग ने इस घटना पर कड़ी आपत्ति जताई। उच्चायोग ने सोशल मीडिया पर एक बयान जारी करते हुए कहा कि महात्मा गांधी की प्रतिमा के साथ किया गया यह शर्मनाक व्यवहार सिर्फ एक मूर्ति के साथ नहीं, बल्कि अहिंसा की भावना और गांधी जी की विरासत पर हमला है।

# महिला वनडे विश्व कप की आज से शुरूआत

**गुवाहाटी।**



अच्छे फॉर्म में चल रही भारतीय महिला क्रिकेट टीम घरेलू मैदानों पर खेलने का फायदा उठाकर 47 साल बाद पहला आईसीसी खिताब जीतने के इरादे से उतरेगी। पहला मुकाबला मंगलवार को दोपहर तीन बजे से भारत और श्रीलंका की टीमों के बीच खेला जाएगा। भारत और श्रीलंका के मैच के साथ मंगलवार को महिला वनडे विश्व कप 2025 का आगाज होगा। अच्छे फॉर्म में चल रही भारतीय महिला क्रिकेट टीम घरेलू मैदानों पर खेलने का फायदा उठाकर 47 साल बाद पहला आईसीसी खिताब जीतने के इरादे से उतरेगी। विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम 13वें विश्व कप में हालात से वाकफियत का पूरा फायदा उठाना चाहेगी। टूनार्मेंट 12 साल बाद भारत में हो रहा है। इसमें आठ शीर्ष टीमें आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, बांग्लादेश और पाकिस्तान भाग लेंगी। सभी टीमें भारत में चार और कोलंबो में एक स्थान पर 28 लीग मैच राउंड रॉबिन आधार पर खेलेंगी। इस बार विश्व कप में ईनामी राशि रिकॉर्ड 13.88 मिलियन डॉलर है जो 2022 की तुलना में चार गुना अधिक है। पुरुषों के 2023 विश्व कप में ईनामी राशि 10 मिलियन डॉलर थी और यह उससे भी अधिक है। श्रीलंका में 11 राउंड रॉबिन मैच खेले जाएंगे जिसमें पाकिस्तान के सात लीग मैच और भारत के खिलाफ पांच अक्टूबर का मैच शामिल है। एक सेमीफाइनल भी वहां होगा और पाकिस्तान फाइनल में पहुंचता है तो फाइनल भी वहीं खेला जाएगा।

> पहले मैच में भारतीय टीम का सामना श्रीलंका से

# राजस्थान में खांसी की दवा पीने से बच्चे की मौत, अन्य चार बीमार




**नई दिल्ली।**

राजस्थान के सरकारी अस्पतालों में राज्य सरकार द्वारा निश्शुल्क वितरित की जाने वाली खांसी की दवा (सीरप - डेक्सट्रोमेथारफन हाइड्रोब्रोमाइड) पीने से पांच वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। मृतक बच्चा सीकर के खोरी ब्राह्मणान गांव का निवासी था। बच्चे के परिजनों का आरोप है कि इस दवा के सेवन से बच्चे की जान गई। इस मामले में बच्चे के चाचा ने पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई है। प्रदेश के दवा नियंत्रक अजय फाटक ने बताया कि डेक्सट्रोमेथारफन हाइड्रोब्रोमाइड सीरप पर रोक लगा दी गई है और इसके विभिन्न बैच के नमूने जांच के लिए लैब भेजे गए हैं।

## एकनाथ शिंदे ने किया एलान

# महाराष्ट्र में बाढ़ प्रभावित छात्रों को राहत, परीक्षा फॉर्म भरने की तारीख बढ़ी



**नई दिल्ली।**

महाराष्ट्र में बाढ़ से प्रभावित छात्रों को बड़ी राहत मिली है। डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने घोषणा की है कि 12वीं कक्षा के छात्रों के परीक्षा फॉर्म भरने की आखिरी तारीख बढ़ाकर 20 अक्टूबर कर दी गई है। बाढ़ के कारण कई छात्र समय पर फॉर्म नहीं भर पा रहे थे। शिंदे ने बताया कि उन्हें बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से छात्रों और अभिभावकों ने फोन आ रहे थे। पहले आखिरी तारीख अगले दिन थी, लेकिन अब सभी को और समय मिल गया है। उन्होंने बताया कि उन्होंने शिक्षा मंत्री दादा भुसे से बात कर यह निर्णय लिया है, ताकि छात्रों पर अतिरिक्त दबाव न पड़े और वे अपनी पढ़ाई पर ध्यान दे सकें। हाल ही में भारी बारिश और बाढ़ ने छात्रों की पढ़ाई और तैयारी को बुरी तरह प्रभावित किया है। कई बच्चों की किताबें, नोट्स और पढ़ाई का सामान बाढ़ में बह गया। इसी स्थिति को देखते हुए सरकार ने फॉर्म भरने की समय सीमा बढ़ाई है, ताकि छात्र बिना तनाव परीक्षा की तैयारी कर सकें। छाणे जिला कलेक्टर ने बताया कि जिले के 42 गांवों के लिए पुनर्वास योजना तैयार है। वहीं, सीएम देवेंद्र फडणवीस ने सोलापुर और बीड़ जिलों का दौरा कर हालात की समीक्षा की। अब तक 4 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित निकाला गया है और 6500 लोग राहत शिविरों में रह रहे हैं। इन शिविरों में भोजन, पानी और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। सरकार ने प्रभावित परिवारों को तुरंत 10 हजार रुपये नकद, 10 किलो चावल और 10 किलो गेहूं देने का भी आदेश दिया है। पशुओं के लिए चारे की भी व्यवस्था की जा रही है।

# मानहानि केस में कंगना पर कोर्ट सख्त

**नई दिल्ली।** कंगना रनौत फिर मुश्किल में पड़ गई हैं। पंजाब की एक कोर्ट ने मानहानि केस में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश होने की उनकी मांग को खारिज कर दिया है। सोमवार को पंजाब के भटिंडा जिले की एक अदालत ने सांसद और अदाकारा कंगना रनौत को मानहानि मामले में 27 अक्टूबर को निजी तौर पर पेश होने का आदेश दिया है। अदालत ने कंगना की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश होने की मांग को खारिज कर दिया है।

# करूर भगदड़ मामले में एक्टर विजय की पार्टी का ये नेता गिरफ्तार

**नई दिल्ली।**

तमिलनाडु के करूर में अभिनेता से नेता बने विजय की रैली में भगदड़ मचने से 41 लोगों की मौत के 48 घंटे बाद पुलिस ने टीवीके करूर पश्चिम जिला सचिव मथियाझागन को गिरफ्तार कर लिया है और उन्हें इस त्रासदी के लिए जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस ने पहले उन पर हत्या के प्रयास, गैर इरादतन हत्या और सार्वजनिक सुरक्षा को खतरे में डालने के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया था। टीवीके के महासचिव बुस्सी आनंद और संयुक्त महासचिव निर्मल शेखर के खिलाफ भी मामले दर्ज किए गए हैं। एक पुलिस अधिकारी की शिकायत पर दर्ज की गई एफआईआर के अनुसार, विजय को जानबूझकर किए गए ऐसे कृत्यों के लिए नामजद किया गया है, जिनकी वजह से कथित तौर पर अराजकता के दौरान एक ही समय में 11 लोगों की मौत हो गई। शिकायत में दावा किया गया है कि विजय ने अपनी राजनीतिक ताकत दिखाने के लिए जिले में पहुंचने के बाद रैली में अपनी उपस्थिति में जानबूझकर लगभग चार घंटे की देरी की, जिससे भारी भीड़ में बेचैनी और अनियंत्रण पैदा हुआ।



# लेह एपेक्स बॉडी का केंद्र के साथ बैठक से इनकार

**लेह।**



लद्दाख में हिंसा के बाद लेह एपेक्स बॉडी ने केंद्र के साथ होने वाली बैठक से इनकार कर दिया है। संगठन ने कहा कि जब तक शांति बहाल नहीं होती, वार्ता संभव नहीं है। वहीं, गृह मंत्रालय ने दोहराया कि सरकार संवाद के लिए हमेशा तैयार है और उच्च स्तीरय बैठक के जरिए पहले भी अच्छे नतीजे मिले हैं। लद्दाख में हालिया हिंसा और बिगड़े हालात के बीच लेह एपेक्स बॉडी ने सोमवार को केंद्र सरकार के साथ होने वाली बैठक से इनकार कर दिया है। हिंसा के बाद भय और आक्रोश के माहौल को देखते हुए लेह एपेक्स बॉडी ने साफ किया कि जब तक शांति और सामान्य स्थिति बहाल नहीं होती, तब तक किसी भी वार्ता में हिस्सा नहीं लिया जाएगा। इस घटनाक्रम के बाद गृह मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि सरकार संवाद के लिए हर समय तैयार है और दरवाजे हमेशा खुले हैं। गृह मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि लेह एपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के साथ उच्च स्तरीय समिति के जरिए हुए संवाद ने पहले भी अच्छे नतीजे दिए हैं। इसमें लद्दाख की अनुसूचित जनजातियों को आरक्षण बढ़ाना, लद्दाख ऑटोनॉमस हिल डेवलपमेंट काउंसिल में महिलाओं को आरक्षण देना और स्थानीय भाषाओं की सुरक्षा जैसी उपलब्धियां शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा कि लद्दाख में 1800 सरकारी पदों पर भर्ती की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। सोमवार को लेह एपेक्स बॉडी के अध्यक्ष ठुप्स्तान छेवांग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि लद्दाख में शांति बहाल होने से पहले किसी भी तरह की बातचीत संभव नहीं है। उन्होंने केंद्र सरकार और केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन से अपील की कि वे क्षेत्र में व्याप्त भय, दुख और गुस्से के माहौल को खत्म करने के लिए ठोस कदम उठाएं। वहीं, कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस ने कार्यकर्ता सोनम वांगचुक और अन्य गिरफ्तार युवाओं की बिना शर्त रिहाई की मांग की।

> गृह मंत्रालय ने कहा- सरकार संवाद के लिए तैयार

## संपादक की कलम से

# मध्य वर्ग की गरीबी

सपनों का घर या धोखाधड़ी, कर्ज लेकर खरीदा घर मगर कब्जा नहीं; बिल्डरों और बैंकों की साजिश ने बढ़ाई मध्यवर्ग की मुश्किलें हर किसी का सपना होता है कि शहर में उसका भी अपना एक घर हो। इसके लिए वह अपने जीवन भर की पूंजी लगा देता है। खासकर मध्यम वर्ग के लोग इस सपने को पूरा करने के लिए अपने दैनिक खर्चे में कटौती कर बैंकों से कर्ज भी लेते हैं। मगर परेशानी तब बढ़ जाती है, जब तय समय पर उन्हें घर नहीं मिल पाता है। जाहिर है यह सब भवन निमार्ताओं की मनमानी की वजह से ही होता है। ऐसे मामलों में कर्ज देने वाले बैंकों की भूमिका पर भी सवाल उठते रहे हैं। देशभर में ऐसे सैकड़ों मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें भवन निमार्ताओं और बैंकों के बीच साठगांठ के आरोप लगे हैं। इसी घटनाक्रम में सर्वोच्च न्यायालय ने दिल्ली-एनसीआर के बाद अब मुंबई, बंगलुरु, कोलकाता, मोहाली और प्रयागराज में घर खरीदारों से धोखाधड़ी करने के आरोप में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) को छह नए मामले दर्ज करने की अनुमति दी है।



ललित शर्मा
संपादक

सीबीआइ का कहना है कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि इस संबंध में संज्ञेय अपराध का मामला बनता है। इसमें दोराय नहीं कि मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए बढ़ती महंगाई के इस दौर में शहरों में घर खरीदने के वास्ते रकम जुटाना काफी मुश्किल होता है। ऐसे में बैंकों से कर्ज लेना ही एकमात्र विकल्प होता है। मगर इन्हीं बैंकों के कर्मी अगर भवन निमार्ताओं के साथ साठगांठ कर घर खरीदारों के साथ धोखाधड़ी करने लगें, तो कर्ज की यह सुविधा ही मुश्किल में डाल देती है।' सर्वोच्च न्यायालय ने इस वर्ष जुलाई में दिल्ली-एनसीआर में घर खरीदारों के साथ धोखाधड़ी करने के आरोपों से जुड़े मामलों में बैंकों और भवन निमार्ताओं के बीच साठगांठ की गहन जांच के लिए सीबीआइ को बाईस मामले दर्ज करने की अनुमति दी थी। ये मामले एनसीआर में कार्यरत भवन निमार्ताओं और उत्तर प्रदेश तथा हरियाणा के विकास प्राधिकरणों से संबंधित हैं। इसके साथ ही न्यायालय ने दिल्ली-एनसीआर के बाहर की आवास परियोजनाओं की प्रारंभिक जांच करने के लिए सीबीआइ को छह सप्ताह का समय दिया था। दरअसल, शहरों में घर खरीदने वालों के लिए बैंकों ने ब्याज अनुदान योजना शुरू की है। इसके तहत बैंक स्वीकृत राशि सीधे भवन निमार्ता के खातों में जमा करते हैं, जिन्हें तब तक स्वीकृत ऋण राशि पर किस्त का भुगतान करना होता है, जब तक कि आवास खरीदारों को नहीं सौंप दिए जाते। सर्वोच्च न्यायालय ऐसे 1,200 से अधिक घर खरीदारों की याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है, जिन्होंने एनसीआर, विशेष रूप से नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गुरुग्राम में विभिन्न आवास परियोजनाओं में ब्याज अनुदान योजनाओं के तहत आवास बुक किए थे। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि आवास का कब्जा अभी तक नहीं मिला है और बैंक उन्हें कर्ज की किस्तों का भुगतान करने के लिए मजबूर कर रहे हैं। ऐसे में सवाल है कि बैंक नियमों के विपरीत घर खरीदारों पर दबाव क्यों बना रहे हैं? साफ है कि बैंकों का यह रवैया आपसी मिलीभगत की ओर इशारा करता है और यही वजह है कि शीर्ष अदालत ने इन मामलों में कडा संज्ञान लिया है। दूसरी ओर सरकार को भी इस तरह के मामलों को गंभीरता से लेना चाहिए। विभिन्न परियोजनाओं के तहत घर खरीदने की पेशकश करने वाले भवन निमार्ताओं और कर्ज देने वाले बैंकों पर नजर रखने के लिए माकूल निगरानी तंत्र स्थापित किया जाना चाहिए, ताकि खरीदारों के हितों की रक्षा हो सके।

## उदय किशोर साह



## बदलो अपना अचार विचार

कविता

भ्रष्टाचारियों की जनता जब करेगी कुटाई
तब कोई भी काम ना अयेगा तर्क सफाई
जनता की हक खाकर हो गये हैं जो तंदूर
निकलेगी सारी हेकड़ी वो दिन नहीं है दूर

लोक सेवक के नाम पर है ये नेता कलंक
मिट जायेगी एक दिन इनका सारा घमंड
कर जोड़ द्वार पे मांगते है ये वोट की भीख
विजयी होने पर देते है उल्टा हमको सीख

संसद में जाकर राजनेता बन जाते गद्दार
प्रजातंत्र की गरिमा पर करते हैं नित्य प्रहार
पाँच वरस तक इनका दुर्लभ है जहाँ दर्शन
राष्ट्र हित पर करते हैं सत्ता के विरुद्ध प्रर्दशन

हम मतदाता है वास्तव में अति ही मूरख
पैसे की लालच में भूल जाते है इनकी सूरत
जनता के साथ ये लोग करते हैं कुविचार
मतदान के समय करना होगा गंभीर विचार

कसमें खाओ ना लेगें वोट के नाम उत्कोच
वोट करेगें राष्ट्र हित में गंभीरता से सोंच
बदल डालो अपनी ओछी जाति का सहचार
तब बदल जायेगा जनतंत्र का बदसूरत संसार

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

## आठवां नवरात्रा

# मां महागौरी की पूजा कैसे करें? इस दौरान क्या भोग लगाएं और किस मंत्र का जप करें?

*शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा की आराधना के पर्व नवरात्र के आठवें दिन मां महागौरी की पूजा की जाती है। ऐसी मान्यता है कि इनकी पूजा से भक्त को सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। मां सौभाग्य और मानसिक शुद्धता की देवी मानी जाती हैं। दुर्गा सप्तशती का पाठ करें और मां की आरती करें। शारदीय नवरात्र का आठवां दिन। इस दिन मां दुर्गा के आठवें स्वरूप यानी मां महागौरी की पूजा की जाती है। मां का वर्ण पूर्णत: गौर है। शास्त्रों में उनकी की उपमा शंख, चंद्र और कुंद के फूल से दी गई है। इतना ही नहीं मां के समस्त वस्त्र एवं आभूषण भी श्वेत हैं। इसलिए महागौरी कहलाती हैं।*



### मां महागौर की पूजा कैसे करें?

सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और साफ-सुथरे वस्त्र पहनें।
पूजा स्थल को गंगाजल से शुद्ध करें और मां महागौरी की प्रतिमा या चित्र स्थापित करें।
घी का दीपक जलाएं और मां को रोली, चंदन, अक्षत, धूप और पीले फूल अर्पित करें।
मां को नारियल, पूड़ी, चना और हलवे का भोग लगाएं।
दुर्गा सप्तशती का पाठ करें और मां की आरती करें।

### मां महागौर की पूजा का फल

मां महागौरी की पूजा से गृहस्थ जीवन में खुशहाली और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।
मां की कृपा से जीवन में आ रही विपदाओं से छुटकारा और मानसिक शुद्धता प्राप्त होती है।
मां महागौरी की पूजा से बिगड़े काम भी बनने लगते हैं और सभी बीमारियों से मुक्ति मिलती है।

### मां महागौरी का स्वरूप

तांत्रिक आचार्य लक्ष्मण चौबे मां के स्वरूप के बारे में कहते हैं की उनकी चार भुजाएं हैं। इनका वाहन वृषभ है। मां का ऊपर का दाहिना हाथ अभय मुद्रा जबकि नीचे वाले दाहिने हाथ में त्रिशूल धारण की हुई हैं। बाएं हाथ में डमरू और नीचे का बांया हाथ वर मुद्रा है।

### महागौरी मंत्र क्या है?

मां महागौरी का मंत्र : ॐ देवी महागौर्यै नम:
ध्यान मंत्र : श्वेते वृषेसमारूढा श्वेताम्बरधरा शुचि:।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेव प्रमोददा॥
आरती : मां महागौरी की आरती करने से मां की कृपा प्राप्त होती है और भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

### कन्या पूजन जरूर करें

महाष्टमी के दिन कन्या पूजन करना शुभ माना जाता है। कन्याओं को प्रेमपूर्वक भोजन कराने से मां महागौरी की कृपा प्राप्त होती है।

# भीड़ हादसों और त्रासदियों का सिलसिला कब थमेगा?



ललित गर्ग



तमिलनाडु के करूर में तमिलगा वेट्री कषगम (टीवीके) प्रमुख और सुपर अभिनेता से नेता बने विजय की चुनावी रैली के दौरान मची भगदड़ दुर्भाग्यपूर्ण होने के साथ स्तब्ध करने एवं पीड़ा देने वाली भी है। विजय की रैली में एक बार फिर भीड़ की बेकाबू उन्मत्तता ने 40 मासूम जिंदगियों को निगल लिया। सवाल उठता है कि आखिर कब तक ऐसी त्रासदियां हमारे समाज और शासन की नाकामी को उजागर करती रहेंगी? क्यों हमारी व्यवस्थाएं भीड़ को नियंत्रित करने में बार-बार विफल होती हैं और क्यों राजनीतिक दल, धार्मिक आयोजक, सिनेमा स्टार या अन्य तथाकथित सेलिब्रिटी भीड़ के जमावड़े को सफलता का पैमाना मानकर उसे उकसाते हैं? भगदड़ में लोगों की जो दुखद मृत्यु हुई, यह राज्य एवं टीवीके प्रायोजित एवं प्रोत्साहित हत्या है। पुलिस का बंदोबस्त कहां था? चीख, पुकार और दर्द और अभिनेता से नेता बने विजय को देखने की दीवानगी एक ऐसा दर्दनाक एवं खौफनाक वाकया है जो सुदीर्घ काल तक पीड़ित और परेशान करेगा। प्रशासन की लापरवाही, अत्यधिक भीड़ और अव्यवस्थित प्रबंधन ने इस त्रासदी को जन्म दिया। यह घटना कोई अपवाद नहीं है, बल्कि हाल के वर्षों में दुनिया भर में सामने आई ऐसी घटनाओं की कड़ी का नया खौफनाक एवं दर्दनाक मामला है, जहाँ भीड़ नियंत्रण में चूक एवं प्रशासन, सत्ता एवं राजनीतिक दलों का जनता के प्रति उदासीनता का गंभीर परिणाम एवं त्रासदी का ज्वलंत उदाहरण है।

अभिनेता विजय की चमक में प्रशंसकों की चीखें एवं आहें का होना और उसे नजरअंदाज करना, अमानवीयता की चरम पराकाष्ठा है। दुर्घटना होने एवं आम लोगों की मौतें दुखद एवं शर्मनाक है। इस राज्य में दशकों से विशाल राजनीतिक सभाओं की संस्कृति रही है, जिसे फिल्म और राजनीति के मेल ने पोषित किया है। सीएन अन्नादुरई, एमजी रामचंद्रन और जयललिता, सभी मुख्यमंत्री बनने से पहले फिल्मी सितारे थे। उनकी रैलियों में अक्सर लाखों लोग आते थे। स्टार पावर और राजनीति का मेल अधिकारियों के लिए भीड़ को नियंत्रित रखना मुश्किल बना देता है। तमिलनाडु में अभिनेता से राजनेता बने विजय की पार्टी टीवीके अभी प्रारंभिक अवस्था में है, लेकिन इसकी रैलियों में प्रशंसकों की अहमियत को कमतर आंकने के इस दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम ने न केवल राजनेताओं को बल्कि सिने स्टार को भी दागी किया है। घटना ने एक बार फिर हमारे अवैज्ञानिक व लाठी भांजने वाले भीड़ प्रबंधन की ही पोल खोली है। करीब तीन महीने पहले जून में बंगलूरू में आरसीबी की आईपीएल जीत के जश्न के दौरान मची भगदड़ में भी करीब एक दर्जन लोग मारे गए थे। हालांकि, शनिवार रात करूर में उमड़ी भीड़ किसी राजनीति जमावड़े से अधिक अपने सुपरस्टार को करीब से देखने के लिए बेताब प्रशंसकों की थी। इसी उन्माद में, जब एक पेड़ की डाली पर चढ़े कुछ समर्थक अभिनेता की प्रचार गाड़ी के पीछे खड़े लोगों पर गिर पड़े, तो दहशत फैल गई और रैली एक हादसे में बदल गई। इसी में करीब 40 लोगों के मरने और कइयों के घायल होने की खबरें हैं। तमिलनाडु में, 2026 में चुनाव होने हैं और टीवीके बेशक मैदान में उतरने की घोषणा कर चुकी हो, लेकिन दुर्घटना के बाद विजय जिस तरह से जल्दबाजी में चार्टर्ड फ्लाइट से चेन्नई चले गए, उससे यही साबित होता है कि अभी उन्हें राजनीति के कई सबक एवं राजनीतिक मूल्यों को सीखने हैं। क्योंकि आखिर वह अपनी जिम्मेदारी से कैसे बच सकते हैं? टीवीके ने तीस हजार लोगों की अनुमति ली थी और इसी हिसाब से पुलिस की तैनाती भी हुई थी। लेकिन शाम होते-होते इसके दोगुने लोग अभिनेता की एक झलक पाने को मौजूद थे।

निश्चित ही भीड़ कोई संगठित चेतन शक्ति नहीं होती, यह एक उन्मादी प्रवाह है जिसमें व्यक्ति की सोच, विवेक और संवेदना विलीन हो जाती है। भीड़ के सामने व्यक्ति का आत्मनियंत्रण टूट जाता है और वह हिंसक, अनुशासनहीन और खतरनाक रूप ले लेती है। यही कारण है कि क्रिकेट मैच से लेकर राजनीतिक रैली, धार्मिक आयोजन और फिल्मी सितारों की झलक तक, हर जगह भीड़ का जुनून कई बार मौत का तांडव बन जाता है। इतिहास गवाह है कि भीड़ की हिंसा ने न केवल जानें ली हैं, बल्कि सामाजिक ताने-बाने को भी चोट पहुंचाई है। 1984 के सिख विरोधी दंगे, 1992 का बाबरी मस्जिद प्रकरण, गुजरात हिंसा, धार्मिक जुलूसों में भगदड़ या तीर्थयात्राओं में दबकर मरने वाले सैकड़ों लोग-इन सबकी जड़ में भीड़ है। भीड़ के भीतर छिपा हुआ सामूहिक उन्माद किसी भी क्षण हिंसा, लूट और तबाही में बदल जाता है। भारत में भीड़ से जुड़े हादसे अनेक आम लोगों के जीवन का ग्रास बनते रहे हैं। धार्मिक आयोजनों हो या खेल प्रतियोगिता, राजनीतिक रैली हो या सांस्कृतिक उत्सव लाखों लोगों को आकर्षित करते हैं, जहाँ भीड़ प्रबंधन की मामूली चूक भयावह त्रासदी में बदलते हुए देखी जाती रही है। उदाहरण के लिये, वर्ष 2022 में दक्षिण कोरिया के इटावन हैलोवीन समारोह में अत्यधिक भीड़ के कारण 150 से अधिक लोगों की जान चली गई थी। इसी तरह, वर्ष 2015 में मक्का में हज के दौरान मची भगदड़ में सैकड़ों लोगों की मौत हो गई थी। वर्ष 2013 में मध्य प्रदेश के रत्नागढ़ मंदिर में ढाँचागत कमियों से प्रेरित भगदड़ के कारण 115 लोगों की मौत हो गई थी।

हालही में महाकुंभ के दौरान नई दिल्ली रेल्वे स्टेशन एवं प्रयागराज में हुए हादसे एवं हरिद्वार के प्रसिद्ध मनसा देवी मंदिर में बिजली का तार टूटने और करंट फैलने की एक अफवाह ने कई जानें ले लीं, जिसने धार्मिक स्थलों पर भीड़ प्रबंधन की गंभीर खामियों को उजागर कर दिया है। आग, भूकंप, या आतंकी हमलों जैसी आपातकालीन स्थितियाँ में भी भीड़ प्रबंधन की पौल खुलती रही है। आखिर दुनिया के सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश में हम भीड़ प्रबंधन को लेकर इतने उदासीन क्यों है? बड़े आयोजनों-भीड़ के आयोजनों में भीड़ बाधाओं को दूर करने के लिए, भीड़ प्रबंधन के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार, सुरक्षाकर्मियों को पर्याप्त प्रशिक्षण प्रदान करना, जन जागरूकता बढ़ाना और आधुनिक तकनीकों का उपयोग करना अब नितान्त आवश्यक है।

विजय और उनके समर्थक कुछ भी कहें, वे अपनी जवाबदेही से बच नहीं सकते। इसलिए और नहीं बच सकते, क्योंकि उन्होंने अपनी रैली में आने वाले लोगों की संख्या के बारे में भी कोई सही जानकारी नहीं दी थी। बहुत संभव है कि इसके चलते पुलिस ने भी पर्याप्त व्यवस्था न की हो। तमिलनाडु में सेलेब्रिटी स्टेटस वाले लोगों के प्रति दीवानगी कुछ ज्यादा ही है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि हर त्रासदी के बाद सरकारें और पुलिस प्रशासन सिर्फ जांच समिति और मुआवजा देने की घोषणा करके अपने कर्तव्य से मुक्त हो जाते हैं। न तो कोई ठोस नीतियां बनती हैं, न ही आयोजकों पर कठोर जिम्मेदारी तय की जाती है। आयोजकों की लापरवाही और प्रशासन की ढिलाई इन घटनाओं की सबसे बड़ी वजह हैं। यदि समय रहते सुरक्षा प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण की सख्त व्यवस्था हो, तो ऐसी भयावह स्थितियों को टाला जा सकता है। भीड़ की त्रासदी केवल प्रशासनिक विफलता का परिणाम नहीं है, बल्कि यह हमारे सामाजिक मनोविज्ञान का भी प्रतिबिंब है। आमजन की हीरो-दीवानगी और अंधभक्ति किसी भी भीड़ को अनियंत्रित बना देती है। जब तक नागरिक चेतना में संयम और विवेक नहीं आएगा, तब तक भीड़ केवल संख्या का खेल बनी रहेगी और उसका परिणाम विनाशकारी होता रहेगा। अब वक्त आ गया है कि सरकारें भीड़ प्रबंधन को राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंडा में शामिल करें। राजनीतिक दलों, धार्मिक आयोजकों और सिनेमा जगत को भीड़ जुटाने की प्रवृत्ति पर पुनर्विचार करना होगा।

यह ठीक है कि करूर की घटना पर सभी ने शोक संवेदना व्यक्त की, लेकिन यदि इस घटना से कोई ठोस सबक नहीं सीखा जाता तो इन संवेदनाओं का कोई मूल्य नहीं, बल्कि ये खोखली दिखावा मात्र हैं। इसलिए यह जरूरी है कि भीड़ की हिंसा और त्रासदी को केवल संयोग न माना जाए, बल्कि उसे रोकने के लिए गंभीर कदम उठाए जाएं। अन्यथा यह सिलसिला न केवल जारी रहेगा, बल्कि हर बार अधिक भयावह होता जाएगा। आखिर इतने लोगों की मौत की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए और दोषी लोगों को कड़ा दण्ड दिया जाना चाहिए।

# प्रदेश में दिख रही रामराज्य की झलकः डॉ चंद्र मोहन



**वेलकम इंडिया**

ऊंचागांव स्थित राणा मैरिज होम में विजयदशमी परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा के प्रदेश मंत्री डॉ. चंद्रमोहन मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम आयोजक शैलेंद्र राणा और ज्ञानेंद्र राघव ने मुख्य अतिथि को तलवार भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सतवीर सिंह चौहान व संचालन प्रदीप राघव ने किया। डॉ. चंद्रमोहन ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन मयार्दा, सत्य, धर्म और सेवा का अनुपम उदाहरण है। योगी आदित्यनाथ की सरकार इन्हीं आदर्शों को मूर्त रूप देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कानून-व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अपराधियों और माफियाओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने लोगों को अपने अंदर छिपे अहंकारी रूपी रावण को त्यागने का अनुरोध किया। विशिष्ट अतिथि कांग्रेस पूर्व जिला अध्यक्ष कोऑर्डिनेटर राकेश भाटी ने कहा विजयदशमी पर हम केवल रावण के पुतले न जलाएं, बल्कि अपने भीतर और समाज में छिपी बुराइयों का भी दहन करें। मशहूर कलाकार डीके ठाकुर, अभिजीत सिंह चौहान, ज्ञानेंद्र सिंह राघव, सुरेंद्र सिंह राघव, अशोक प्रधान, मिलकेश सिंह चौहान ने विचार रखें। गिरेंद्र राणा, जितेंद्र राघव, सतीश सोलंकी, विनय सिंह, धीरज सिंह, भूपेंद्र सिंह, राजू राणा, नरेश, दीपक कुशवाहा, महेश राघव, अमित राघव, विजय राणा, अनुज राणा, मनीष राणा रहे।

# देश को विश्व गुरु बनाना है तो आत्मनिर्भर भारत संकल्प के साथ जुड़ना होगाः अर्जुन रस्तोगी



**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** रामपुर नगर विधानसभा के नए गंज मंडल में आयोजित आत्मनिर्भर भारत अभियान की कार्यशाला में मुख्य अतिथि जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी उपस्थित रहे।

अर्जुन रस्तोगी ने कहा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को हम सबको मिलकर साकार करना हैं। आप सभी जानते हैं देश की बढ़ती ताकत और बढ़ती अर्थव्यवस्था को देख विश्व में भारत का सम्मान बढ़ता चला जा रहा हैं और भारत को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने के लिए हम सबको संकल्प के साथ काम करना होगा। स्वदेशी अपनाओ विदेशी छोडो नारे को अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में लाना होगा। आप सभी जानते हैं विदेशी उत्पादों से विदेशी कंपनियों को लाभ होता हैं और स्वदेशी कंपनिया के उत्पादों को इस्तेमाल करने से हमारे देश को लाभ होता हैं। देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए हम सभी को स्वदेशी अपनाना होगा और ज्यादा से ज्यादा स्वदेशी चीज खरीदनी होगी। कई उत्पाद ऐसे हैं जिसमें अगर हम पूर्णतया स्वदेशी कंपनिया ना ढूंढ पाए तो भी हमारे पास विकल्प खुला हुआ हैं। कार्यशाला में मंडल अध्यक्ष राजू सुमन, मनु दक्ष सक्सेना, कमल तुरैहा, बिना अग्रवाल, पवन कश्यप, रंजीत कटारिया, सार्थक वार्ष्णेय, ज्ञान प्रकाश गुप्ता, अजय चंद्र, रविंद्र शर्मा, रईस अहमद अंसारी आदि मौजूद थे।

# देशभक्त सरदार भगत सिंह की जयंती पर युवाओं ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा : रामवीर चौधरी



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह जी की जयंती पर युवाओं ने देशभक्ति गीतों के साथ भव्य तिरंगा रैली निकालकर उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर महान क्रांतिकारी का सम्मान देने की माँग की। रैली स्योहारा रोड स्थित पशु बाजार से वाहनों के काफिले के साथ शुरू हुई। रैली का नेतृत्व युवा रामवीर चौधरी ने किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक क्रांति कुमार, नगर प्रचारक लाखन सिंह ने यात्रा में शामिल होकर युवाओ का उत्साहवर्धन किया। रैली का मुख्य आकर्षण शामली से नूरपुर पहुचें विजय हिंदुस्तानी रहे। रैली में किसान पुत्र भी ट्रैक्टरों के साथ सम्मलित हुए। इस रैली को सफल बनाने में वरुण त्यागी, वीशु भारद्वाज, प्रांजल राजपूत, केशव चौधरी, नीतिश चौधरी एवं ललित कुमार का अहम योगदान रहा। सुरक्षा की दृष्टि से प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ तैनात रहे।

# ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत की सामान्य बैठक आयोजित की गई

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**




**नूरपुर।** कार्यालय क्षेत्र पंचायत द्वारा पूर्व में जारी एजेण्डे के अनुसार खण्ड नूरपुर के शहीद रिक्खी सिंह परवीन सिंह सभागार में क्षेत्र पंचायत की सामान्य बैठक आकांक्षा चौहान, ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में आहूत की गई। ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान का दिनेश पाल शर्मा खण्ड विकास अधिकारी नूरपुर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इसके पश्चात बैठक में विभिन्न विभागों से उपस्थित एडीओ तथा विभाग के अधिकारियों द्वारा अपने से संबंधित विभागों की जानकारी दी गयी। जिसमें सतीश कुमार बाल विकास परियोजना अधिकारी ने पुष्टाहार वितरण व आँगनबाड़ी से संबंधित जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग से डॉ अजय गंधर्व एमओआईसी स्वास्थ्य केन्द्र नूरपुर ने संचारी रोग से रोकथाम तथा स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। संजीव कुमार, जेई एमआई ने लघु सिंचाई विभाग के अन्तर्गत बोरिंग व अन्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। सलीम अहमद एडीओ आईएसबी ने स्वंय सहायता समूह, व विकास खण्ड में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों की विस्तृत जानकारी दी। योगेश कुमार एडीओ समाज कल्याण ने समाज कल्याण विभाग की पेंशन, कन्या सुमंगला योजना इत्यादि योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इसके पश्चात दिनेश पाल शर्मा, खण्ड विकास अधिकारी ने विकास खण्ड में संचालित सभी योजनाओं को विस्तार से बताया। ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान ने अपने सम्बोधन में विकास खण्ड में क्षेत्र पंचायत से कराये गये कार्यो को विस्तार से बताया तथा विभिन्न विभागों से कराये जाने वाले कार्यों को विस्तार से बताया तथा मुख्यमंत्री जी के द्वारा विडियों कान्फ्रेन्स में दिए गए दिशा निदेशों में ग्राम पंचायतों में स्वंय के संसाधनों से आय बढ़ाने व ग्राम पंचायतों को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के लिए सभी ग्राम प्रधानों से अपील की तथा बैठक में उपस्थित क्षेत्र पंचायत सदस्यों तथा ग्राम प्रधानों से उनके क्षेत्र में कराये जाने वाले कार्यों का प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए कहा उनके द्वारा प्रस्तुत कार्यो को प्राथमिकता/बजट के आधार पर पूर्ण कराने तथा किसी भी प्रकार की विभागीय समस्या को हल कराने का आश्वासन दिया। बैठक का कुशल संचालन सत्यवीर सिंह चौहान जिला मं त्री किसान मोर्चा ने किया। बैठक में समाजसेवी राशु चौहान, नीरज कुमार, मोहित कुमार, रेखा रानी, मोनिका, जितेंद्र कुमार गौरव कुमार दीपक कुमार पप्पन कुमार आदि ग्राम पंचायत सचिव, राजो देवी, राजेश कुमार, मोहित कुमार, भुरिया देवी आदि क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा जगपाल सिंह अंजु देवी, नंदकिशोर अबरार अहमद आदि ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# भारती मॉडर्न स्कूल मोल्हावाला के छात्र-छात्राओं ने लहराया परचम



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर।** भारती मॉडर्न स्कूल, मोल्हावाला के बच्चों ने वित्त विहीन स्कूल प्रबंधक समिति द्वारा विश्व भारती पब्लिक स्कूल धामपुर में आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में लहराया परचम। उदित कक्षा 7 व उत्तरा कक्षा 6 ने 100/100 अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया, दिशा व आयु कक्षा 8, भव्या कक्षा 6 एवं उजैबा कक्षा 5 ने 99/100 अंक प्रताप प्राप्त करके दूसरा स्थान और मनस्वी व सृष्टि कक्षा 4 ने 98/100 अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# थाना प्रभारी के आगमन पर एडवोकेट एसोसिएशन ने किया स्वागत




**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**जनपद बिजनौर किरतपुर।** थाना प्रभारी के आगमन पर पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट एसोसिएशन व जिला बार एसोसिएशन बिजनौर गवर्निंग काउंसिल ने थाना प्रभारी पुष्पा देवी का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

इस अवसर पर अंकित रस्तोगी एडवोकेट ने कहा कि नवनियुक्त थाना अध्यक्ष पुष्पा देवी के नेतृत्व में क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और भी मजबूत होगी तथा आमजन को न्याय और सुरक्षा का भरोसा मिलेगा। थाना प्रभारी ने भी भरोसा दिलाया कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से जनता की सेवा करेंगी।

एडवोकेट तलहा मकरानी गवर्निंग काउंसिल जिला बार एसोसिएशन बिजनौर ने थाना प्रभारी से कहा प्रतिवादी की भी बात पूर्ण रूप से सुनो स्वागत समारोह में एडवोकेट तलहा मकरानी, अंकित रस्तोगी एडवोकेट, समीर एडवोकेट आदि उपस्थित सभी लोगों ने नए थाना प्रभारी को शुभकामनाएँ दीं और उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

# 120 छात्राओं व अध्यापिकाओं को थाना भ्रमण के दौरान जागरुक कर हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**




**नूरपुर :** पुलिस अधीक्षक जनपद बिजनौर के निर्देशन में थाना नूरपुर के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय ग्राम खटाई थाना नूरपुर जनपद बिजनौर, प्राथमिक विद्यालय कस्बा व थाना नूरपुर जनपद बिजनौर में कक्षा 1 से 12 तक की लगभग 120 छात्राओं में अध्यापिकाओं के थाना भ्रमण के दौरान मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत महिला सुरक्षा एवं जागरूकता संबंधी विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजना जैसे विधवा पेंशन योजना, वृद्धा अवस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वल योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, नशा मुक्ति भारत अभियान इत्यादि से अवगत कराया गया तथा इसके अतिरिक्त महिलाओं को उनकी सुरक्षा के सम्मान के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने अपील की कि छेड़छाड़ उत्पीड़न या किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में पीड़ित तुरंत पुलिस से संपर्क करें और बिना किसी संकोच के अपनी शिकायत दर्ज कराये। आपका नाम पते को गोपनीय रखा जाएगा कार्यक्रम में थाना नूरपुर की मिशन शक्ति टीम के अधिकारी व कर्मचारी गण शामिल रहे। अभियान के दौरान महिला छात्राओं एवं बालिकाओं को साइबर सुरक्षा और नारी सुरक्षा संबंधी जागरूकता दी गई। छात्राओं को साइबर अपराध, सोशल मीडिया पर सुरक्षित रहने के उपाय, ऑनलाइन फ्रॉड फिशिंग और व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही उन्हें साइबर धामकी या उत्पीड़न की स्थिति में शिकायत दर्ज करने और सहायता प्राप्त करने के लिए उपलब्ध हेल्पलाइन व ऑनलाइन पोर्टल्स की जानकारी दी गई।

# मिशन शक्ति कार्यक्रम 5.0 पर विश्व हृदय दिवस पर हुआ कार्यशाला का आयोजन

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को केंद्र में रखकर चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति के तहत हाल ही में नवरात्रि के अवसर पर एक व्यापक जन जागरूकता पहल का संचालन किया जा रहा है। 22 सितंबर 2025 से शुरू इसी पहल के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज सीएचसी स्योहारा में अधीक्षक डॉ0बी0के स्नेही की अध्यक्षता विश्व हृदय दिवस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य विभिन्न स्तरों पर हृदय रोगों के बारे में जन जागरूकता बढ़ाना और लैंगिक समानता को मजबूत करना है।इस दौरान अधीक्षक डॉ0 स्नेही ने बताया कि इसके कारण उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मोटापा, धूम्रपान, अल्कोहल का उपयोग, तनाव शारीरिक निष्क्रियता आदि मुख्य रूप से है। हृदय को स्वस्थ रखने के लिए आप सभी पोषणयुक्त आहार का सेवन करे, पर्याप्त नींद ले, सक्रिय रहते हुए नियमित व्यायाम करें तथा धूम्रपान व अल्कोहल से परहेज करें। मिशन शक्ति कार्यक्रम 5.0 के तहत महिला पुलिस स्टेशन स्योहारा द्वारा स्वास्थ्य, साइबर अपराध, लैंगिक असमानता और सामाजिक कुरीतियों पर संवादात्मक कार्यक्रम आयोजित किए। मोबाइल वैन, कैनोपी और स्टॉल के माध्यम से बाजारों व सार्वजनिक स्थानों पर जानकारी दी गई। इस दौरान मुख्यमंत्री , जननी सुरक्षा योजना, राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, परिवार कल्याण कार्यक्रम,108 एम्बुलेंस,गैर संचारी रोग अभियान,कन्या सुमंगला, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर, 181 महिला हेल्पलाइन, निराश्रित पेंशन और मातृ वंदना योजना जैसी सेवाओं को भी प्रचारित किया गया।

# महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत वन स्टॉप सेंटर टीम व हब फॉर इंपावरमेंट ऑफ वूमेन टीम द्वारा महिलाओं को दी गईं सुरक्षा एवं स्वच्छता संबंधी जानकारियां

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर के निदेर्शों के अनुपालन में आज महिला कल्याण विभाग द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान एवं मिशन शक्ति 5.0 (नारी,सुरक्षा,सम्मान एवं स्वालंबन) अभियान का आयोजन वन स्टॉप सेंटर टीम व हब फॉर इंपावरमेंट ऑफ वूमेन टीम के द्वारा वन स्टॉप सेंटर में अल्पावास के लिए आई हुई संवासिनियों को विभाग की मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के बारे मे विस्तार से पात्रता बताते हुए आवेदन करने के लिए कहा गया। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर 1090 वूमेन पावर लाइन,181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन तथा 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के विषय में पूर्ण जानकारी देते हुए बताया गया कि हिंसा से पीड़ित महिला किस प्रकार सहायता प्राप्त कर सकती है और इन नंबरों पर किस प्रकार अपनी शिकायत दर्ज कर सकती है। साथ ही स्वच्छता संबंधी अभियान के विषय में जानकारी दी गई कि स्वच्छता हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है जो एक स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करता है हर व्यक्ति के लिए अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखना आवश्यक है चाहे वह उनका घर हो या अन्य कोई स्थान। स्वच्छ वातावरण न केवल शारीरिक बल की मानसिक स्वास्थ्य को भी बढ़ावा देता है बल्कि मानसिक और भावनात्मक आराम भी देता है।



# दशाश्वमेध वार्ड को माडल वार्ड बनाने हेतु जोनल अधिकारी ने स्वंय संभाली कमान

**(संतोष कुमार सिंह)**

**वाराणसी :-** नगर आयुक्त अक्षत वर्मा के निर्देश पर प्रथम चरण में 6 वार्डो को माडल वार्ड बनाया जाना है जिसमें दशाश्वमेध वार्ड का भी चयन किया गया है` दशाश्वमेध वार्ड को माडल वार्ड बनाने हेतु जोनल अधिकारी मृत्युंजय मिश्रा ने स्वंय कमान संभाल ली है` नगर आयुक्त के निर्देश पर जोनल अधिकारी के द्वारा दशाश्वमेध वार्ड को 7 सेक्टर में बांटतें हुये कर अधीक्षक, राजस्व निरीक्षकों की तैनाती की गयी है जिनके द्वारा प्रतिदिन सुबह 7 बजे अपने निर्धारित सेक्टर में की जा रही सफाई व्यवस्था,कूड़े का निस्तारण,डोर टू डोर कूड़े का उठान आदि कार्यो का निरीक्षण किया जायेगा जोनल अधिकारी मृत्युजंय मिश्रा के द्वारा सोमवार कों दशाश्वमेध वार्ड में अपनी टीम के साथ पूरे दशाश्वमेध वार्ड में भ्रमण कर स्वच्छता जनजागरूकता अभियान चलाया गया` अभियान के अन्तर्गत दशाश्वमेध चौराहा से दशाश्वमेध घाट तक माईक के माध्यम से रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता अपनाने,सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने,सड़कों पर कूड़ा न फेकने, सोर्स सेग्रिगेशन के बारे में लोगों को जागरूक किया गया` जोनल अधिकारी द्वारा वार्ड की गलियों में भ्रमण कर निरीक्षण भी किया गया वहीं दूसरी तरफ पूजा पंडालों में स्वच्छता जन जागरूकता अभियान चलाया गया ` निरीक्षण कार्यक्रम में कर अधीक्षक जय कुमार, डाक्यूमेन्ट मैनेजर प्रीति सिंह,स्वास्थ्य निरीक्षक वेद प्रकाश, सभी राजस्व निरीक्षक, वाराणसी वेस्ट सोल्यूशन प्रा0लि0 के प्रतिनिधि,नगर निगम की आईईसी टीम इत्यादि लोग उपस्थित थे।



# चिकित्सकों पर कार्रवाई के विरोध में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चिकित्सक संघ

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर**। गत माह चमोली जिले से बागेश्वर इलाज को पहुंचे बच्चे के इलाज के दौरान हायर सेंटर रेफर करने के बाद बच्चे की मौत के मामले में जांच के बाद शासन द्वारा चिकित्सकों व अन्य कर्मचारियों पर हुई कार्रवाई के विरोध में चिकित्सक संघ ने अपना कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया है।

चिकित्सक संघ ने पांच दिन काला फीता बांधने के बाद सोमवार से पुनः हड़ताल शुरू कर दी हैं। चिकित्सकों के कार्य बहिष्कार के चलते मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

बता दें कि गत माह ग्वालदम चमोली निवासी पूर्व सैनिक के पुत्र की मौत के मामले में शासन द्वारा सीएमएस डा तपन शर्मा समेत अन्य चिकित्सकों व नर्स तथा 108 कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई के विरोध में पीएमएस एसोसिएशन के बैनर तले चिकित्सकों व अन्य मेडिकल स्टाफ ने कार्य बहिष्कार किया। कहा कि चिकित्सकों व अन्य किसी भी कर्मचारी का उत्पीड़न बर्दाष्त नहीं किया जाएगा। चेतावनी दी कि यदि शासन ने शीघ्र कार्रवाई वापस नही ली तो प्रदेश में आंदोलन किया जाएगा। इस दौरानसंघ के जिलाध्यक्ष डा गिरजाशंकर जोशी,के नेतृत्व में चिकित्सकों ने कार्य बहिष्कार करते हुए अपनी मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।और शीघ्र चिकित्सको पर जबरन की गई कार्रवाई को वापस लेने की मांग की।कहा कि संघ द्वारा अपनी मांगों को लेकर स्वास्थ सचिव, स्वास्थ महानिदेशक, और विभागीय मंत्री को ज्ञापन भेजा गया है।पूर्व में ज्ञापन के बाद भी पांच दिन में मामले का निराकरण की चेतावनी के बाद कोई सुध नही लिए जाने से पीएमएस संघ अब कार्य बहिष्कार पर है।कहा कि इस तरह से जबरन कार्रवाई किए जाने से चिकित्सकों का मनोबल कमजोर किया जा रहा है।उन्होंने सभी मरीजों से जिले की स्वास्थ्य सेवा मजबूत करने हेतु सरकार और शासन द्वारा चिकित्सकों और कर्मियों पर की गई कार्रवाई के विरुद्ध सँगठन का सहयोग देने की अपील की।वही इलाज हेतु आए कई मरीजों ने भी डॉक्टरों की सभा को सुनकर उनकी मांग को जायज बताते हुए सरकार से जल्द सीएमएस और अन्य चिकित्सा कर्मियों पर की गई कार्रवाई को वापस लेने की अपील की।वही ऐलान किया कि जल्द उनकी मांग नही मानी गई तो प्रदेश स्तर पर आंदोलन तेज किया जाएगा।

इस दौरान डा राजीव उपाध्याय, डा डीपी शुक्ला, डा सावित्री सिंह, वरिस्ठ फिजिशियन डा चन्द्र मोहन भैसौड़ा, डा प्रीति यादव, डा रीमा उपाध्याय, डा गायित्री पांगती आदि उपस्थित थे। चिकित्सकों की हड़ताल के चलते दूर दराज से आए मरीज परेशान रहे। मरीजों को बिना इलाज किए ही वापस जाना पड़ा।

## देश हमें देता है सबकुछ हम भी तो कुछ देना सीखे

डिबाई। भारत विकास परिषद, डिबाई शाखा द्वारा स्थानीय इंटैक्ट पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय महासमूहगान का आयोजन किया गया। परिषद द्वारा यह कार्यक्रम संपूर्ण भारतवर्ष के विद्यालयों में आयोजित किया जाता है जहां छात्र उपस्थिति संख्या 500 से अधिक हो। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रांतीय परिषद सदस्य पी पी सिंह एवं गिरीश गुप्ता एडवोकेट ने विद्यालय के प्रबंधक विजय कुमार भारद्वाज के साथ संयुक्त रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराकर राष्ट्रगान के साथ किया। शाखा सचिव वी के राय ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए देश प्रेम और नैतिकता की गुणों को अंगीकृत कर परिश्रम के बल पर अपने जीवन को उत्कृष्ट बनाने का आवाहन किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए विद्यालय की उप प्रधानाचार्य सलोनी ने में सभी पधारे हुए अतिथियों का अभिनंदन किया।

# मेरठ मेडिकल कॉलेज में नेत्र जांच शिविर, सैकड़ों मरीजों को मिला लाभ

वेलकम इंडिया



**मेरठ(जाकिर तुर्क)**। उत्तर प्रदेश में तेजी से बढ़ रही नेत्र समस्याओं को देखते हुए मेडिकल कॉलेज मेरठ में विशेष नेत्र जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। विशेषज्ञों का मानना है कि राज्य में मोतियाबिंद और रिफ्रैक्टिव एरर ( दृष्टि दोष ) अंधत्व और दृष्टिबाधा के प्रमुख कारण बने हुए हैं।शिविर का शुभारंभ नेत्र रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. लोकेश कुमार सिंह ने किया। यहां आए मरीजों की मुफ़्त जांच और उपचार की व्यवस्था की गई। इस दौरान करीब 350 लोगों की आंखों की स्क्रीनिंग की गई।नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. नीलम गौतम ने बताया कि आंखों में धुंधलापन, सिर दर्द, लगातार पानी आना या धुंधली दृष्टि जैसी शुरूआती लक्षणों को नजरअंदाज न करें। उन्होंने कहा कि समय पर जांच कराने से न केवल आंखों की रोशनी सुरक्षित रहती है बल्कि गंभीर बीमारियों से बचाव भी संभव है।इसी क्रम में मेडिकल कॉलेज से जुड़े नगरीय स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र, सूरजकुंड पर भी शिविर लगाया गया। वहां कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की प्रोफेसर डॉ. सीमा जैन की देखरेख में लोगों की जांच की गई और उन्हें नेत्र स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई।मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आर.सी. गुप्ता ने कहा कि आम जनता को जागरूक करने के लिए ऐसे शिविर लगातार आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कॉलेज की कोशिश है कि गांवों और शहरी बस्तियों तक भी नेत्र रोग संबंधी सेवाएं पहुंचें।

## खुला मां का पट, जयकारों से गुंजा पंडाल



**मिजार्मुराद**। गौर गांव (बंगलाचट्टी) पर शिव शक्ति युवा क्लब द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा में सोमवार की शाम शक्ति की अधिष्ठात्री कालरात्रि माता की स्वरूप मां दुर्गा के मंत्रों एवं नेत्र संस्कार के बाद पट खोल दिया गया।सत्तमी के दिन पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ ही मूर्तिकारों ने पारंपरिक विधि से माता का पट खोला।पट खुलते ही मां के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़े।वही पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा।वही पंडितों द्वारा माता की विशेष आरती किया गया।मां का पट मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय, ग्राम प्रधान गौर विजय कुमार गुप्ता, एसआई मधुसूदन त्रिपाठी व समाजसेवी अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित द्वारा खोला गया।इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष मनोज बिन्द, उपाध्यक्ष राजन सोनकर, व्यवस्थापक मनोज कुमार सोनकर, संस्थापक राजबहादुर बिन्द, मंत्री सुरेंद्र बिन्द, कोषाध्यक्ष प्रमेश उर्फ गुड्डू, संरक्षक राजीव गुप्ता 'राजू', मीडिया प्रभारी आदित्य गुप्ता व अजय बिन्द, दिलीप सोनकर, राजकुमार सोनकर व शिवकुमार मौजूद रहे।

# किसानों को मजबूत बना युवांओ को स्वरोजगार से जोड़ना ही लक्ष्य : अखंड प्रताप सिंह



वेलकम इंडिया

**वाराणसी मिजार्मुराद** । आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत सोमवार को चौबेपुर मंडल की कार्यशाला कादीपुर गांव में संपन्न हुई।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है।सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच रही हैं, जिसका लाभ हर वर्ग को मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य केवल आर्थिक मजबूती नहीं, बल्कि इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, कृषि सुधार और स्वरोजगार जैसे सभी क्षेत्रों में प्रगति का संकल्प शामिल है।किसान और गांव आत्मनिर्भर भारत की रीढ़ हैं। जब तक ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत नहीं होगी, तब तक आत्मनिर्भरता का सपना अधूरा रहेगा।युवाओं को सरकार की योजनाओं से जोड़कर स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ाना भाजपा का प्रमुख लक्ष्य है।अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ने किया। कार्यशाला में मुख्य रूप से चंद्रशेखर सिंह, विंध्यवासिनी उपाध्याय, श्वेतांक तिवारी, गौरव सिंह, मुक्ति मौर्य, मंजीत सिंह, हरेंद्र सिंह, रामजी मौर्य, विशाल सिंह समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सरदार भगत सिंह की जयन्ती पर मनाया भव्य दीपोत्सव

**बुलंदशहर**। सामाजिक संस्था राष्ट्र चेतना मिशन के तत्वावधान में देश के अमर क्रांतिकारी सरदार भगत सिंह की 118वीं जयंती को शहीद चौक पर बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने सरदार भगत सिंह प्रतिमा और पूरे शहीद चौक परिसर में 1100 दीप जलाकर भारत के मानचित्र को भव्यता से सजाकर शहीदों को नमन किया। राष्ट्र चेतना मिशन के अध्यक्ष हेमन्त सिंह, नेशनल रिकॉर्ड होल्डर निकुंज तोमर, जिला उपासना प्रमुख कृष्ण मिश्रा, उमाशंकर, देव शर्मा आदि कार्यकर्ताओं ने सुबह ही साफ-सफाई कर भगत सिंह प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और दिन भर कठिन परिश्रम कर शहीद स्मारक परिसर में भारत का विशाल मानचित्र बनाकर पूरे शहीद चौक को फूलों, तिरंगा गुब्बारों, रंगीन लाईटों से सजाया।संध्या से देर रात्रि तक चले कार्यक्रम की शुरूआत में राष्ट्र चेतना मिशन अध्यक्ष हेमन्त सिंह, वरिष्ठ व्यापारी नेता दिनेश कुमार धन्नू, योग गुरु नरेन्द्र बंसल, हैंडपंप व्यापार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजीव सिंघल, भाजपा नेता नदीम अख़्तर, चौपाल फाउंडेशन अध्यक्ष दर्श वत्स आदि अतिथियों ने भारत माता एवं भगत सिंह के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर शुभारंभ किया।

## खेत में पहुंचे एसपी , महिलाओं को जागरुक कर भरा आत्मविश्वास



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़**। शासन के निदेशों के क्रम में महिलाओं एवं बच्चियों के साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम व महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान *मिशन शक्ति फेज-5.0 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञान्जंय सिंह द्वारा थाना बाबूगढ क्षेत्रांतर्गत ग्राम बछलौता के खेत खलिहानों में जाकर वहां काम कर रहीं महिलाओं में आत्मविश्वास की भावना पैदा करने के उद्देश्य से महिलाओं को जागरूक किया गया तथा सुरक्षा जागरूकता के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण जानकारियां, जैसे महिला सुरक्षा केंद्र, एंटी रोमियों स्क्वायड, यूपी-112, वूमेन पावर लाइन 1090 व साइबर अपराध एवं आत्मरक्षा सम्बन्धी आदि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देकर जागरूक किया गया।

## जागरण में माता के भजनों पर जमकर झूमे श्रद्धालु



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**गाजियाबाद**। गाजियाबाद के मोहननगर राजीव कॉलोनी में क्षेत्रवासियों ने मिलकर माता रानी का जागरण आयोजित किया, रात भर भजन गायकों ने माता के भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, गायककार आंचल कश्यप, पूजा, शिवानी सरगम, संजय शर्मा, गोपाल शर्मा, सुशील सांवरिया जैसे गायककारो ने माता के भजनों कि अच्छी प्रस्तुति दी जिन पर श्रद्धालु रात भर झूमते रहे प्रातःकालीन तारा रानी कथा, आरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# हापुड़ जनपद के स्थापना दिवस पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने केक काट मनाया जन्म दिवस

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़**। जिला पंचायत सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर ने जिला बनाओ आंदोलन के संयोजक रहे डॉक्टर एस०के०कौशिक की उपस्थिति में हापुड़ ज़िले का 14वां जन्म दिवस केक काटकर मनाया। इस अवसर पर जिला बनाओ आंदोलन के संयोजक रहे डॉक्टर एस०के०कौशिक को पुष्प गुच्छ भेंट कर व माला पहनाकर सम्मानित किय। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्षा रेखा नागर व संचालन प्रशासनिक अधिकारी देवी सहाय ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने डॉ एस के कौशिक की निस्वार्थ, निरंतर प्रयास की भूरी भूरी प्रशंसा की तथा दीघार्यु होने की कामना की। डॉ एस के कौशिक ने बताया कि बड़े संघर्षों के बाद तत्कालीन उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बहन कुमारी मायावती ने काफी वर्षों से चली आ रही जनता की मांग पर 28 सितंबर 2011 को हापुड़ को जिला घोषित कर एक नई पहचान दी थी।

इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल के नेता पं० नानक चंद शर्मा, मनोज बाल्मीकि, राष्ट्रीय सैनिक संस्था के प्रदेश प्रवक्ता व हापुड़ के जिला अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र त्यागी, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के संयोजक सरदार राजेन्द्र सिंह औलख, जिला सचिव मुकेश प्रजापति, जिला अनुशासन सचिव गुलशन त्यागी, प्रशासनिक सदस्य कपिल प्रजापति, सतीश प्रमुख, सुभाष प्रधान, हरिसिंह मास्टरजी, गोपाल शर्मा मौजूद रह।

# आगामी कार्तिक पूर्णिमा मेले की तैयारी को लेकर डीएम व एसपी ने की बैठक

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़**। कलेक्ट्रेट सभागार में मा0 विधायक गढ़मुक्तेश्वर हरेंद्र तेवतिया, जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय व पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह, सांसद प्रतिनिधि व जनप्रतिनिधियों की अध्यक्षता में आगामी कार्तिक पूर्णिमा मेले को सकुशल संपन्न करने हेतु समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को निर्देशित करते हुए कहा कि इस बार मेले में सेक्टर वार शौचालय का निर्माण तथा हैंडपंपों की संख्या अधिक से अधिक होनी चाहिए और जो भी अस्थाई शौचालय का निर्माण किया जा रहा है वहां पर पर्याप्त मात्रा में सफाई कर्मी की भी तैनाती उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। मेले क्षेत्र में जो भी भूमि का अधिग्रहण कराया जाए उसकी दर सूची प्रदर्शित होनी चाहिए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए की इस बार मेले में शराब पर प्रतिबंध लगाने हेतु आबकारी विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जाएगा और मेले क्षेत्र में लगने वाले कैंपों की भी निरंतर पुलिस द्वारा चेकिंग की जाएगी। उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निदेशों का पालन करते हुए सभी संगठन वाहनों तथा बैनरों पर जाति सूचक शब्दों का मेले में प्रयोग नहीं करेंगे। बैठक मे विधायक गढ़मुक्तेश्वर ने सभी से मेले को से सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण संपन्न कराने हेतु सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि मेले में लगने वाले ठेलो से कोई भी अवैध वसूली नहीं करेगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम, अपर पुलिस अधीक्षक, वरिष्ठ कोषाधिकारी, एक्शन लोक निर्माण विभाग, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, जिला पंचायत राज अधिकारी, यूनियन के सदस्य वह सभी संगठनों के लोग उपस्थित रहे।

## डीएम एसएसपी एवं अपर जिला जज द्वारा संयुक्त रूप से जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण



**बुलंदशहर**। सोमवार को जिलाधिकारी श्रुति, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह एवं अपर जिला जज प्रीती श्रीवास्तव द्वारा संयुक्त रूप से जिला कारागार का औचक रूप से निरीक्षण करते हुए जेल में बंद बंदियों के लिए जेल प्रशासन की ओर से की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। बंदियों से वार्ता करते हुए आवश्यक जानकारी ली गई। बंदियों द्वारा कोई भी समस्या प्रकाश में नहीं लाई गई। बैरक में बंदियों के सामान की तलाशी भी कराई गई।इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिपाठी, जेल अधीक्षक एवं जेलर उपस्थित रहे।

# महापुरुषों के नाम पर बने द्वार पर अपमान करने का आरोप लगा सपा छात्र सभा ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़**। समाजवादी छात्र सभा जिलाध्यक्ष रविन्द्र यादव के नेतृत्व में पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और भाजपा विधान परिषद सदस्य पर महापुरुषों का अपमान करने और सामाजिक मुद्दों की अनदेखी करने का गंभीर आरोप लगा अपर जिलाधिकारी संदीप सिंह को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष रविन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा के विधान परिषद सदस्य नरेन्द्र कश्यप ने विधायक निधि से सड़कों पर जगह-जगह महापुरुषों के नाम पर द्वार बनवाए हैं। लेकिन उन द्वारों पर महापुरुषों की तस्वीर गायब है। जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और स्वयं विधायक की तस्वीरें प्रमुखता से लगी हुई हैं। महापुरुषों का नाम केवल औपचारिकता निभाने के लिए बेहद छोटे अक्षरों में लिखा गया है। छात्र सभा के जिला उपाध्यक्ष पीयूष मनोठिया ने कहा कि भाजपा की सोच हमेशा से महापुरुषों का अपमान करने की रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि तीन दिन के भीतर सभी द्वारों पर महापुरुषों की तस्वीरें नहीं लगाई गईं, तो समाजवादी छात्र सभा स्वयं यह कार्य करेगी।आंदोलन की चेतावनी*

छात्र नेताओं ने जिलाधिकारी से मांग की कि भाजपा विधायक को इस विषय में निर्देशित किया जाए। अन्यथा पार्टी सड़क पर आंदोलन करने को मजबूर होगी। ज्ञापन देने वालों में संजय यादव, श्याम सुंदर भुर्जी, शालू जोहरी, पीयूष वाल्मीकि, संजय सिंह (सबली), आसिफ चौधरी, रमन जाटव, मोहित जाटव, अंकुश जाटव, माधव शर्मा, आरिफ सिद्दीकी, लवकुश जाटव, मोहित खटीक, बिलाल चौधरी, यूसुफ राजा, राहुल जाटव, विक्रम जाटव, पंकज जाटव, गगन शर्मा, विवेक जाटव सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सेंट द्रोण पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया दशहरा पर्व



वेलकम इंडिया

**कांधला**। सोमवार को नगर के सेंट द्रोण पब्लिक स्कूल में दशहरे का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियाँ देकर दर्शकों का मन मोह लिया।कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की वंदना से हुई। इसके बाद छात्रों ने रामायण पर आधारित नाट्य मंचन प्रस्तुत किया, जिसमें राम, रावण, सीता और हनुमान जैसे पात्रों का जीवंत अभिनय कर बच्चों ने तालियों की गड़गड़ाहट बटोरी। मंचन के दौरान संवादों और भाव-भंगिमाओं ने रामायण की घटनाओं को सजीव कर दिया। साथ ही बच्चों ने कविताएँ और भाषण भी प्रस्तुत किए, जिनमें अच्छाई की बुराई पर विजय का संदेश दिया।

# जवाहर बाग में ब्रज कला चौपाल द्वारा पहली बार आयोजित हुआ डांडिया नाइट

वेलकम इंडिया




**मथुरा।** ब्रज कला चौपाल संस्था द्वारा मथुरा के ऐतिहासिक जवाहर बाग में पहली बार डांडिया नाइट कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। रंग-बिरंगे परिधानों, गरबा की थाप और सांस्कृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण इस कार्यक्रम ने ब्रज की सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत कर दिया।

कार्यक्रम की शुरूआत माता रानी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और फूल अर्पण के साथ हुई। मंच और परिसर को पारंपरिक सजावट से सजाया गया था, जिसमें श्रद्धा और उल्लास का संगम देखने को मिला। इस आयोजन की संयोजिका एवं ब्रज कला चौपाल संस्था की अध्यक्ष एवं संस्थापिका कुमारी नम्रता सिंह रहीं। उन्होंने कहा,

हमारा उद्देश्य ब्रज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जन-जन तक पहुंचाना और नई पीढ़ी को इससे जोड़ना है। मुख्य अतिथि के रूप में सांसद एवं सुप्रसिद्ध अभिनेत्री श्रीमती हेमा मालिनी उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा,

ब्रज की कला और संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने हेतु ऐसे कार्यक्रमों की आवश्यकता है। ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष श्री एस. बी. सिंह ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा,

नम्रता सिंह ऐसे आयोजन सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में निरंतर करती रहती हैं। ब्रज तीर्थ द्वारा बनाए गए ह्यमुक्ताकाशी मंचों पर भी ये समय-समय पर सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित करती रहती हैं, जो प्रशंसनीय है।

इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट श्री राकेश कुमार एवं श्री जनार्दन शर्मा भी मंच पर उपस्थित रहे और आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

इसके अतिरिक्त स्थानीय हस्तशिल्प, पारंपरिक व्यंजन, और लोककला प्रदर्शनियों ने भी दर्शकों को आकर्षित किया।

ब्रज कला चौपाल की अध्यक्ष नम्रता सिंह, श्याम सिंह, पूजा सिसोदिया, जतिन प्रताप सिंह, राज ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## ग्राम पंचायत का प्रस्ताव बाबू ने कार्यालय पर रोका, ग्रामीण ने डीएम से लगाई गुहार

**कांधला।** विकासखंड क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी ग्रामीण ने जिलाधिकारी कार्यालय पर तैनात एक बाबू पर ग्रामीणों की सहमति से पास किए गए प्रस्ताव को रोकने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी शामली को पत्र भेजकर पत्रावली को मंडल आयुक्त को भेजने की मांग की है। विकासखंड क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी ग्रामीण सरवर अंसारी ने सोमवार को जिलाधिकारी शामली को पत्र भेजते हुए अवगत कराया की बीते दिनों ग्राम पंचायत गंगेरू में ग्रामीणों की खुली बैठक आयोजित की गई थी। खुली बैठक में ग्राम पंचायत गंगेरू के मजरे, गढ़ी दौलत,व गढ़ी श्याम को अलग राजस्व ग्राम पंचायत का दर्जा दिलाने के लिए उप जिलाधिकारी व तहसीलदार के समक्ष प्रस्ताव पास किए गए थे। ग्रामीण द्वारा बताया गया कि वर्तमान में गंगेरू ग्राम पंचायत बहुत बड़ी ग्राम पंचायत है जिसमें पांच गांव आते हैं। पीड़ित का आरोप है कि ग्राम पंचायत के सभी सदस्यों ने एल एम सी की बैठक कर प्रस्ताव पर मोहर लगाकर अपनी सहमति जताई थी।

'मिशन शक्ति 05' के तहत

# छात्रा नीतू को पं. देवदत्त कॉलेज का एक दिन का प्रधानाचार्य पद

वेलकम इंडिया



**मथुरा/चौमुहां।** उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी 'मिशन शक्ति 05' अभियान की प्रेरणा और सकारात्मकता अब शिक्षण संस्थानों में नेतृत्व के नए आयाम गढ़ रही है। इसी कड़ी में ब्लॉक के गांव गांगरौली स्थित पं. देवदत्त मेमोरियल इंटर कॉलेज ने छात्राओं को सशक्तिकरण का प्रत्यक्ष अनुभव देने के लिए एक अभिनव पहल की। कॉलेज की होनहार कक्षा 12वीं की छात्रा नीतू को एक दिन के लिए प्रधानाचार्य की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपकर उन्हें प्रशासनिक सेवा और नेतृत्व का अनूठा अवसर प्रदान किया गया।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य छात्राओं के भीतर सशक्तिकरण, आत्म-सम्मान और नेतृत्व क्षमता को विकसित करना है, जिससे वे भविष्य में विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित हो सकें।

एक दिन की प्रधानाचार्य के रूप में, छात्रा नीतू ने विद्यालय के संपूर्ण दैनिक प्रबंधन का अनुभव लिया। उन्हें यह समझने का मौका मिला कि विद्यालय के विशाल तंत्र को सुचारू रूप से कैसे संचालित किया जाता है। नीतू ने न केवल दैनिक समस्याओं के निदान और निवारण में सक्रिय भूमिका निभाई, बल्कि विद्यार्थियों को प्रेरित और सही दिशा में मार्गदर्शन देने के महत्वपूर्ण कार्य को भी नजदीक से समझा। इस अनुभव ने उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

अपने इस अभूतपूर्व अनुभव को साझा करते हुए, एक दिन की प्रधानाचार्य नीतू ने कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा, श्यह मेरे लिए एक अविस्मरणीय दिन है। विद्यालय द्वारा मुझे एक दिन के लिए प्रधानाचार्य बनाया गया, मैं इसके लिए सभी गुरुजनों का तहे दिल से धन्यवाद करती हूँ। ऐसे कार्यक्रम केवल सम्मान नहीं देते, बल्कि हमें बड़े लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने के लिए कार्य करने की प्रबल प्रेरणा भी प्रदान करते हैं।

## प्रयागराज में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ माँ दुर्गा पूजा एवं विजय दशमी पर्व



**प्रयागराज।** अशोक नगर में मीरा सिंह जी के यहाँ माँ दुर्गा की पूजा एवं विजय दशमी पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर श्वेता साहू, नीता भारद्वाज, पूनम सिंह, मनोरमा खरे सहित क्षेत्र की अनेक महिलाएँ सम्मिलित हुईं और सभी ने मिलकर माँ दुर्गा की भक्ति-भाव से आराधना की। पूरे आयोजन में आकर्षक झाँकियाँ, मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया, जिसने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस मौके पर महिलाओं ने एकजुट होकर यह संदेश दिया कि हमें अपनी संस्कृति और परंपरा से सदैव जुड़े रहना चाहिए और समाज में एकता एवं आस्था का दीपक जलाए रखना चाहिए।

## हाथी का दात साबित हो रहा है दुधारा में चार साल पहले बना दो करोड़ की लागत से पानी की टंकी

**संतकबीरनगर।** बीएमसीटी मार्ग पर स्थित दुधारा में जल जीवन मिशन के तहत ग्रामिणो को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के योजना के तहत बना पानी की टंकी चार साल से बनकर तैयार है पाईपलाइन गाँव में बिछा दी गई है लेकिन अभी घरो को शुद्ध पेय जल आपुर्ति के लिए घरो में कनेक्शन नहीं दिया गया है जिससे गाँव वासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो सका है। जबकि दुधारा गाँव जनपद के सबसे बड़ी क्षेत्र पंचायत सेमरियावां की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत है। दुधारा निवासी परवेज अख्तर, ग्राम प्रधान कलाम, उबैदुर्रहमान, मुहम्मद तव्वाब, गिरीश जायसवाल, हाफिज मुहम्मद इमरान, हीरालाल, पप्पू कुमार, अतहर हुसेन,,अनीस अहमद अन्सारी आदि लोगों ने बताया कि दुधारा में पानी की टंकी चार साल से बनकर तैयार है। गाँव में पाईपलाइन बिछा दी गई है केवल पाईपलाइन से घरो को सप्लाई देना शेष है लेकिन अभी तक सब कुछ वैसे ही पड़ा हुआ है। इसे विभागीय लापरवाही कहे की दुर्भाग्य की सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जिसके तहत लोगो को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना था आजतक पूरी नहीं हो सकी, जबकि दुधारा गाँव में शुद्ध पेयजल जल का अभाव है।

## 87 वाहनों से 87,500 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया

**संतकबीरनगर।** सोमवार को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 87 वाहनों से 87,500 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया।

# जिलाधिकारी ने मथुरा के बाद स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने जनपद मथुरा के बाद स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक आतंरिक निरीक्षण किया। उन्होंने वेयरहाउस की नियमित साफ-सफाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नियमित रूप से वेयरहाउस के परिसर तथा कमरों में कीड़े, दीमक, चूहा आदि विरोधक छिड़काव करते रहे। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ईवीएम - वीवीपैट वेयरहाउस परिसर में स्थापित अग्निशमन यंत्रों की एक्सपायरी अवश्य चेक करते रहे। जिलाधिकारी ने वेयरहाउस की सुरक्षा में तैनात कर्मियों को मूल-भूत सुविधाएं प्रदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिए कि अपने कार्यों को जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करे।

निरीक्षण में डिप्टी कलेक्टर सुशील कुमार सिंह, बलवीर सिंह धनगर जिला उपाध्यक्ष इंडियन नेशनल कांग्रेस, मोहित ठाकुर जिला सचिव समाजवादी पार्टी, मुनेन्द्र सिंह निगम जिला सचिव बहुजन समाज पार्टी, सोनू ठाकुर अध्यक्ष जिला लोहिया वाहिनी समाजवादी पार्टी, शिवचरन तोमर जिला उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग गुरलवीर सिंह, ए0ई0 वीके शर्मा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज खंडेलवाल मौजूद रहे।

# सपा के प्रदेश सचिव ठा. किशोर सिंह के स्वागत को उमड़ा लोगों का हुजूम

वेलकम इंडिया



**गोवर्धन।** गोवर्धन विधानसभा आजादी से लेकर अब तक सपा के लिए बंजर भूमि सावित हुई है। इस बंजर भूमि को 2027 के विधानसभा चुनाव में सपा उपजाऊ बनाने में कोई कॉर कसर छोड़ने के मूड में नहीं हैं। जिले में भाजपा शासन के बर्तमान राजनीतिक माहौल को देखते हुए सपा नेताओं की थोड़ी मेहनत रंग भी ला सकती है। इसके लिए समाजबादी पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व जिलाध्यक्ष ठा. किशोर सिंह ने जिले में हर घर सम्पर्क अभियान की शुरूआत गोवर्धन से दान घाटी मंदिर में गिरिराज पूजा अर्चना के साथ की।

सोमवार को गोवर्धन से शुरू हुए समाजवादी पार्टी के हर घर सम्पर्क अभियान में पार्टी कार्यकर्ता ही नहीं बल्कि स्थानीय लोगों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। कस्बा गोवर्धन के एकता चौराहा पर लोगों ने सपा जिलाध्यक्ष किशोर सिंह का जोशीला स्वागत किया। इस जनादेश ने सावित कर दिया कि लोग सत्तादल से नाराज हैं।

ठा. किशोर सिंह ने कार्यकताओं में जोश भरते हुए कहा प्रदेश की जनता भाजपा सरकार की नीतियों से त्रस्त हैं, किसान को खाद नहीं मिल रहा, सड़क गड्ढों में तब्दील हैं, कुंड, सरोवरों के नाम पर भ्रष्टाचार हो रहा है। जुमलेवाजों की सरकार से प्रदेश की जनता झूटकारा चहाती हैं. मुख्यमंत्री भूमाफियाओ पर कार्रवाई की बात करते हैं, भाजपा के लोग खुद सरकारी जमीनों पर कब्जा करा रहे हैं। 2027 के विधान सभा चुनावों में भाजपा का मथुरा की सभी सीटों से सुफड़ा साफ होगा।

# एस्ट्रोलॉजर नीरू नागी से जानें शुभ उपाय और सकारात्मक ऊर्जा

वेलकम इंडिया



नवरात्रि के पावन अवसर पर महाराष्ट्र पुणे की रहने वाली एस्ट्रोलॉजर नीरू नागी ने सभी श्रद्धालुओं को खास संदेश और मार्गदर्शन दिया है। उन्होंने बताया कि यह नौ दिन केवल देवी दुर्गा की आराधना का समय नहीं, बल्कि जीवन में सकारात्मक बदलाव, सुख-समृद्धि और मानसिक शांति लाने का अवसर भी है। नीरू नागी के अनुसार, नवरात्रि में घर में साफ-सफाई, नियमित पूजा और देवी के मंत्रों का उच्चारण जीवन में सौभाग्य और खुशियाँ लाता है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि प्रतिदिन देवी दुर्गा के नौ रूपों का ध्यान करें।

सकारात्मक विचारों और ऊर्जा के साथ पूजा करें।


परिवार में मेलजोल और सौहार्द बनाए रखें।

महाराष्ट्र पुणे की रहने वाली एस्ट्रोलॉजर नीरू नागी ने सभी भक्तों को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहाः

आत्मा की शुद्धि, मन की एकाग्रता और घर का सकारात्मक वातावरण नवरात्रि का वास्तविक लाभ देते हैं। यह पर्व आपके जीवन में नई ऊर्जा और खुशियाँ लेकर आए।

# 15 माह में बनकर तैयार होगा मथुरा सर्किट हाउस

वेलकम इंडिया



■ मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, सांसद श्रीमती हेमा मालिनी एवं उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकान्त मिश्र ने किया भूमि पूजन

**मथुरा।** अब अगले 15 महीनों में मथुरा सर्किट हाउस बन कर तैयार होगा। सोमवार को गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, सांसद श्रीमती हेमा मालिनी, उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकान्त मिश्र, विधायक बल्देव पूरन प्रकाश, पूर्व विधायक श्करिंदा सिंह, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने विधि विधान से सर्किट हाउस का भूमि पूजन किया।

वेटरनेरी विवि के कृषि फार्म स्थित लगभग दो हेक्टेयर क्षेत्रफल में इस सर्किट हाऊस का निर्माण होना है। इस पर 6739.69 लाख की लागत आएगी। भूमि पूजन कार्यक्रम में ब्रज तीर्थ विकास परिषद के एसीईओ मदन चंद्र दुबे, डिप्टी सीईओ सतीश चंद्र आदि शामिल हुए। आर्किटेक्ट मयंक गर्ग ने मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी एवं सांसद श्रीमती हेमा मालिनी को सर्किट हाउस परियोजना की डिटेल जानकारी दी।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि लम्बे समय से सर्किट हाउस की आवश्यता महसूस की जा रही थी। अगले 15 माह में यह सर्किट हाउस बनकर तैयार होगा। निर्माण कार्य उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम द्वारा किया जाएगा। यह भूतल सहित चार मंजिल का होगा। इसमें 42 लोगों के लिए डॉरमेट्री और दो बड़े आवास टाइप टू होंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि इसके प्रथम भूतल पर 70 सीटर कान्फ्रेंस हाल, 72 सीटर डाइनिंग हॉल और पार्किंग बनेगी। प्रथम तल पर 8 रूम, 4 जनरल सूट, द्वितीय तल पर 10 रूम, 2 जनरल सूट, तृतीय तल में 2 वीआईपी सूट, 4 जनरल सूट तथा चौथी मंजिल पर डाइनिंग हाल, मीटिंग हॉल और 2 वीवीआईपी सूट तैयार होंगे।

उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीइओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि जनाष्टमी पर माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने इस परियोजना का शिलान्यास किया था। भूमि पूजन के मौके पर सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा, संजय गोविल, ज्ञानेंद्र राणा, कुंज बिहारी चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

# विद्यालयों के ऊपर दे गुजर रगे हाईटेंशन लाइन की शिफ्टिंग दो माह में करे पूराः जिलाधिकारी

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया



**प्रतापगढ़।** परिषदीय विद्यालयों में विद्युत संयोजन एवं विद्यालयों के ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन लाइन को शिफ्ट किये जाने हेतु जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग एवं विद्युत विभाग की संयुक्त बैठक कैम्प कार्यालय में आयोजित की गयी।

जनपद प्रतापगढ़ में संचालित ऐसे परिषदीय विद्यालय जिनमें उपर से हाईटेंशन/एल0टी0- लाईन गुजर रही है उनको सिफ्ट किये करने के सम्बन्ध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह द्वारा बताया गया कि 185 स्कूल ऐसे है जिनके ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है जिनको शिफ्ट किये जाने हेतु उ0प्र0 पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड शक्ति भवन लखनऊ के पत्र संख्या 1899 दिनांक 18.07.2025 के क्रम में जनपद को रुपए 164.65 लाख की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस धनराशि से विद्युत विभाग द्वारा विद्यालयों के ऊपर होकर गुजर हाईटेंशन/एल0टी0-लाइन को शिफ्ट कराया जाता है। डीएम ने विद्यालयों के ऊपर होकर गुजर हाईटेंशन/एल0टी0-लाइन के शिफ्टिंग के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर 02 माह के अन्दर पूर्ण करने हेतु विद्युत विभाग को निर्देश दिया गया तथा प्रतिमाह प्रगति की रिपोर्ट से अवगत कराया गया। तत्पश्चात जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 40 मीटर से अधिक दूरी वाले 254 अविद्युतीकृत विद्यालयों का विद्युत संयोजन किये जाने हेतु दिनांक-15.04.2024 को विद्युत विभाग को रुपए 1,65,94,100 की धनराशि उपलब्ध कराते हुये विद्युत संयोजन कार्य पूर्ण करने हेतु अनुरोध किया गया था जिसमें से केवल 19 विद्यलायों में विद्युत संयोजन का कार्य पूर्ण किया गया है जिस पर जिलाधिकारी द्वारा विद्युत विभाग को निर्देश दिया गया कि अवशेष विद्यालयों में विद्युत संयोजन कार्य 01 माह में पूर्ण करें।

## पीआरवी 6002 ने मारपीट में घायल 06 व्यक्तियों को भेजवाया अस्पताल

**संतकबीरनगर।** पीआरवी 6002 को थाना बेलहरकला क्षेत्रांतर्गत भगौसा से कालर द्वारा मारपीट में घायल 06 व्यक्तियों पंकज कुमार पुत्र जयश्री, इन्द्रावती पत्नी जयश्री, पूनम पुत्री जयश्री, विक्रम कुमार पुत्र चन्द्रमूल, अनीशा पुत्री दशरथ, आरती पुत्री चन्द्रमूल निवासीगण ग्राम चिलौना थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर के सम्बन्ध में सूचना दिया। सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मी हे0का0 गौतम कुमार, का0 बबलू कुमार यादव, का0चा0 रजन प्रसाद ने त्वरित गति से घटनास्थल पर पहुँचकर उक्त घायल व्यक्तियों को 108 एम्बुलेंस की सहायता से इलाज हेतु जिला अस्पताल भेजवाया गया । घटना के सम्बन्ध में थाना कोतवाली खलीलाबाद को अवगत कराया गया

# देश को सही दिशा देने के लिए शिक्षा अत्यंत आवश्यकः पण्डित नवीन गौड़



**मथुरा।** गोवा प्रवास के दौरान वरिष्ठ हिंदूवादी नेता पंडित नवीन गौड़ ने राजभवन में गोवा के राज्यपाल अशोक गजपति राजू से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों के बीच देशहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। पंडित नवीन गौड़ ने राज्यपाल से बातचीत में कहा कि यदि देश को सही दिशा में आगे बढ़ाना है, तो युवाओं का शिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है। शिक्षा ही उन्हें यह समझने की क्षमता प्रदान करती है कि कौन-से कार्य राष्ट्रहित में हैं और कौन-से नहीं। उन्होंने कहा कि युवाओं को केवल अपने समाज या प्रांत के हित की नहीं, बल्कि पूरे भारतवर्ष के कल्याण की सोच रखनी चाहिए। कहा कि अब समय आ गया है कि युवा वर्ग शिक्षा प्राप्त करने के बाद जाति और धर्म से ऊपर उठकर विकसित भारत के निर्माण में योगदान दें, जिससे हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना भारत को विश्वगुरु बनाना साकार हो सके।

राज्यपाल अशोक गजपति राजू ने भी शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि छात्रों में ईमानदारी, सम्मान, सहानुभूति और जिम्मेदारी जैसे नैतिक मूल्यों का विकास होना चाहिए, ताकि वे जीवन में सही निर्णय ले सकें। उन्होंने अपने छात्र जीवन को याद करते हुए बताया कि उन्होंने ग्वालियर के सिंधिया विद्यालय से अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की थी। साथ ही उन्होंने उत्तर प्रदेश में सुधरती हुई कानून व्यवस्था की भी सराहना की और यह जानकारी दी कि उनके चाचा आज भी काशी में निवास करते हैं। इस अवसर पर पंडित नवीन गौड़ के सहयोगी राहुल फौजदार भी

# प्रधानमंत्री मोदी के हाथ से दिल्ली भाजपा के निजी कार्यालय के लोकार्पण

**वेलकम इंडिया/एहसान अंसारी**




**नई दिल्ली।** भारत के यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज सांय दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर आयोजित एक भव्य समारोह में दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्मित निजी कार्यालय का पार्टी कार्यों में उपयोग के लिए लोकार्पण किया।

समारोह में प्रधान मंत्री जी के साथ मंचासीन रहे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा, दिल्ली की मुख्य मंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र सचदेवा, दिल्ली भाजपा की सह प्रभारी डा. अल्का गुर्जर, केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री हर्ष मल्होत्रा, सांसद श्री मनोज तिवारी, श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी, श्री योगेन्द्र चांदोलिया, श्रीमती कमलजीत सहरावत, श्री प्रवीन खंडेलवाल एवं सुश्री बाँसुरी स्वराज, दिल्ली सरकार के मंत्री श्री प्रवेश साहिब सिंह, श्री आशीष सूद, श्री मनजिंदर सिंह सिरसा, श्री कपिल मिश्रा, डा. पंकज सिंह एवं श्री इन्द्रराज सिंह, महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह, एन.डी.एम.सी. उपाध्यक्ष श्री कुलजीत सिंह चहल एवं प्रदेश महामंत्री श्री विष्णु मित्तल।

आज ही प्रातः राष्ट्रीय संगठन महामंत्री श्री बी.एल. संतोष एवं वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिती में प्रदेश अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र सचदेवा ने सपत्नीक नये भवन में प्रवेश पूर्व हवन पूजन किया।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा ने 9 जून 2023 को इस नवनिर्मित भवन का शिलान्यास किया था और आज 29 सितम्बर 2025 को शारदीय नवरात्र के बीच प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली भाजपा अध्यक्ष श्री वीरेंद्र सचदेवा की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में लोकार्पण किया।

दिल्ली में जनसंघ काल हो या वर्तमान भाजपा की लगभग 45 वर्ष की यात्रा भाजपा कार्यकताओं को हमेशा पार्टी के पास निजी कार्यालय ना होना कुचेटता था और आज प्रधान मंत्री जी द्वारा लोकार्पण ने यह कमी भी पूरी कर दी।

समारोह के मंच से प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कार्यालय लोकार्पण ने जहां समारोह स्थल से बाहर दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर उपस्थित लगभग 20 हजार कार्यकताओं के उत्साह को दुगना कर डाला पर समारोह मंच के सामने बैठे लगभग 250 ऐसे बुजुर्ग एवं वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकताओं जिनमे से अनेक ने जनसंघ काल से या 1980 में भाजपा स्थापना वर्ष से पार्टी को नेतृत्व दिया के लिए यह निजी संगठन कार्यालय भवन लोकार्पण समारोह एक भावुकता भरा पल था। अनेक बुजुर्ग एवं वरिष्ठ नेताओं की आंख में आंसू छलकते दिखे।

वहीं दिल्ली भाजपा की वर्तमान पदाधिकारी टीम जिसमे प्रमुख थे संगठन महामंत्री श्री पवन राणा, कोषाध्यक्ष श्री सतीश गर्ग, सभी उपाध्यक्ष, मंत्री, मीडिया प्रमुख एवं प्रवक्ता जिनके कार्यकाल में कार्यालय निर्माण हुआ के लिए आज का दिन एक गौरवशाली दिन बना। नवनिर्मित कार्यालय के उत्साह में भरे कार्यकताओं ने कहा की निजी कार्यालय की खुशी दिवाली पूर्व ही दिवाली आने जैसी खुशी है।

आज के लोकार्पण समारोह में राष्ट्रीय पदाधिकारी श्री बी.एल. संतोष, श्री वी. सतीश, श्री बैजयंत जय पांडा, श्री अरूण सिंह, श्री विनोद तावड़े, श्री दुष्यंत गौतम, श्री अनिल बलूनी, श्री ओमप्रकाश धनखड़ आदि उपस्थित रहे। केन्द्रीय मंत्री श्री पियूष गोयल एवं श्री एस.पी.एस. बघेल की गरिमापूर्ण उपस्थिती रही।

प्रदेश पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा. हर्षवर्धन, श्री विजय गोयल, श्री सतीश उपाध्याय, श्री मनोज तिवारी एवं श्री आदेश गुप्ता एवं पूर्व संगठन महामंत्री श्री विजय शर्मा एवं श्री पवन शर्मा के साथ ही अधिकांश विधायक एवं पार्षद उपस्थित रहे। उपस्थित बुजुर्ग एवं वरिष्ठ कार्यकताओं में प्रमुख थे श्री वेदव्यास महाजन, श्री ओ.पी. बब्बर, श्री जगदीश मुखी, श्री रामभज, श्री श्याम लाल गर्ग, श्री लाल बिहारी तिवारी, श्री मूलचंद चावला, श्री चांद राम, श्री जीत राम सोलंकी, श्रीमती अनिता आर्या, श्री राधेश्याम शर्मा, श्री सुमन कुमार गुप्ता आदि। निवर्तमान सांसद श्रीमती मीनाक्षी लेखी एवं श्री रमेश बिधूड़ी भी उपस्थित रहे।

## थाना जहांगीरपुरी के स्टाफ द्वारा 06 नाबालिग पकड़े गए, लूट का मामला सुलझाया गया

**दिल्ली।** थाना जहांगीरपुरी के स्टाफ ने तत्परता दिखाते हुए 06 नाबालिगों को गिरफ्तार किया और शिकायतकर्ता से लूटा गया मोबाइल फोन, पर्स एवं पहचान संबंधी दस्तावेज उनके कब्जे से बरामद किए। दिनांक 19.04.2025 को शिकायतकर्ता श्री हमीद अली पुत्र जमील अली निवासी गाँव जगतपुर, दिल्ली की शिकायत पर ई-एफआईआर संख्या 80090849/2025, धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता (इठर) के तहत थाना जहांगीरपुरी में दर्ज की गई थी। शिकायतकर्ता ने अपने सैमसंग मोबाइल फोन तथा पर्स (जिसमें आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट (फउ), एटीएम कार्ड तथा ?1200/- नकद थे) की चोरी की सूचना दी थी। दिनांक 27.09.2025 को शिकायतकर्ता ने मामले के अन्वेषण अधिकारी (कड) के समक्ष विस्तृत बयान दर्ज कराया, जिसके आधार पर धारा 309(4)/3(5) इठर को भी केस में जोड़ा गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें एसआई राजेश कुमार, एचसी ऋषिपाल, एचसी प्रिंस, एचसी पुनीत, एचसी पूरन मल, कॉन्स्टेबल कुलदीप एवं कॉन्स्टेबल राहुल (थाना जहांगीरपुरी) शामिल थे। टीम का संचालन इंस्पेक्टर सतविंदर सिंह, रलड/थाना जहांगीरपुरी तथा श्री योगेंद्र खोखर, एसीपी/जहांगीरपुरी के निकट पर्यवेक्षण में हुआ।

# मॉडलिंग अनुभव ही है सफलता की कुंजी: मिसेज एशिया विजयता सचदेवा, वाराणसी

**वेलकम इंडिया**

**वाराणसी।** वाराणसी की ग्लैमरस और प्रेरणादायक व्यक्तित्व मिसेज एशिया विजयता सचदेवा ने हाल ही में मॉडलिंग करियर और उसके अनुभवों को लेकर खुलकर बातचीत की। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस क्षेत्र में केवल रूप-सौंदर्य ही नहीं, बल्कि अनुभव और आत्मविश्वास ही सफलता की असली पहचान तय करते हैं।

विजयता सचदेवा ने अपने शुरूआती दिनों के संघर्षों का जिक्र करते हुए बताया कि मॉडलिंग की दुनिया में प्रवेश करना आसान नहीं होता। हर रैंप शो, हर फोटोशूट और हर इवेंट ने उन्हें न केवल पेशेवर कौशल सिखाया, बल्कि आत्मविश्वास और व्यक्तिगत विकास का अवसर भी दिया। उनका कहना है कि अनुभव ही वह तत्व है



जो आपको भीड़ में अलग पहचान दिलाता है।

उन्होंने यह भी कहा कि मॉडलिंग में केवल सौंदर्य या लुक मायने नहीं रखते। मेहनत, धैर्य और सीखने की प्रक्रिया से ही आप अपने करियर में ऊँचाइयों तक पहुँच सकते हैं। अनुभव का सही इस्तेमाल आपको न केवल पेशेवर बल्कि व्यक्तिगत रूप से भी मजबूत बनाता है।

मिसेज विजयता सचदेवा का मानना है कि नए प्रतिभागियों को हमेशा सीखते रहने की आदत अपनानी चाहिए। हर अनुभव चाहे छोटा या बड़ा हो, वह भविष्य की सफलता की नींव रखता है।

विजयता ने बताया कि उनके रैंप और फोटोशूट के अनुभवों ने उन्हें आत्मविश्वासी, प्रोफेशनल और इंडस्ट्री में टिकाऊ बनने में मदद की। उन्होंने सभी युवा मॉडल्स को यही सलाह दी कि धैर्य और अनुभव से ही आप असली सफलता हासिल कर सकते हैं।

वाराणसी की मिसेज एशिया विजयता सचदेवा की यह कहानी साबित करती है कि मॉडलिंग में असली पहचान केवल सौंदर्य से नहीं, बल्कि अनुभव, मेहनत और आत्मविश्वास से बनती है।

## बिजली चोरी पकड़ने गए जेई के साथ उपभोक्ता ने की मारपीट

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव मीमला में बकायेदारों के विरुद्ध अभियान चलाने गई विद्युत टीम के साथ ग्रामीण ने अभद्रता करते हुए हाथापाई की। घटना के संबंध में जेई ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। विद्युत विभाग की टीम द्वारा बकायेदारों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का नेतृत्व कर रहे जेई नितीश कुमार ने बकाया भुगतान न करने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने व नोटिस जारी करने की कार्यवाही की जा रही है। अभियान के दौरान जब टीम आस मोहम्मद पुत्र हासिम के घर पहुंची, तो वहां बिजली चोरी करते हुए पाया गया। जानकारी के अनुसार, विभाग द्वारा पिछले माह ही इस उपभोक्ता का कनेक्शन काट दिया गया था, इसके बावजूद अवैध रूप से बिजली का उपयोग किया जा रहा था। जब जेई नितीश कुमार ने इस पर आपत्ति जताई और कार्रवाई की बात कही, तो आरोपी पक्ष आगबबूला हो गया और विभागीय अधिकारियों पर जानलेवा हमला कर दिया।

# भभीसा बीआरसी पर शिक्षक प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** विकास खंड क्षेत्र के गाव भभीसा स्थित खंड संसाधन केंद्र, बीआरसी पर कृषि विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश मिलेट्स श्री अन्न पुनरोद्धार राज्य सेक्टर वर्ष 2025-26 के अंतर्गत शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी सविता डाबराल ने दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ सोनू कुमार ने शिक्षकों को मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा, रागी, कोदो, कुटकी आदि के महत्व और पोषण मूल्य पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज की रीढ़ होते हैं और यदि वे श्री अन्न के महत्व को समझकर बच्चों व समुदाय को प्रेरित करें तो यह पहल एक जनआंदोलन का रूप ले सकती है। अपर जिला कृषि रक्षा अधिकारी अजय तोमर ने प्राकृतिक खेती पद्धतियों पर प्रकाश डालते हुए ट्राइकोड्रमा, बिवेरिया वेसियाना, लाइट ट्रैप, फेरोमोन ट्रैप और ट्राइको कार्ड के उपयोग से फसलों की सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण दिया। सहायक विकास अधिकारी कृषि जयदेव उपाध्याय ने राजकीय कृषि बीज भंडार कांधला में उपलब्ध निवेश योजनाओं की जानकारी दी और निःशुल्क सरसों मिनी किट की बुकिंग के प्रति जागरूक किया। खंड शिक्षा अधिकारी सविता डाबराल ने कार्यक्रम के समापन पर शिक्षकों से श्री अन्न को विद्यालयी पाठ्यक्रम, मिड-डे मील और सामुदायिक सहभागिता से जोड़ने की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम में दर्जनो लोग मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति 5.0 अंतर्गत एक दिन की ज़िला विद्यालय निरीक्षक बनी छात्रा चंचल



**झांसी!** मिशन शक्ति 5.0 कार्यक्रम के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण एवं छात्राओं में नेतृत्व क्षमता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित एक दिन की डीआईओएसह्व पहल के अंतर्गत सूरज प्रसाद राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कक्षा 11 की छात्रा चंचल को एक दिन के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक का दायित्व सौंपा गया। इस विशेष अवसर पर प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक श्री सतीश सिंह ने सूरज प्रसाद राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य श्रीमती निधि चौहान एवं मिशन शक्ति जनपदीय सह नोडल असमा खान ने छात्रा चंचल को ज़िला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के विभिन्न पटल का भ्रमण कराया और वहां की कार्यप्रणाली एवं पत्रावली का अवलोकन करते हुए कार्यालय में कार्यरत समस्त पटल प्रभारियों एवं कर्मचारियों से संवाद स्थापित किया। उन्होंने शैक्षिक योजनाओं, प्रशासनिक प्रक्रियाओं तथा छात्र हित से जुड़े मुद्दों पर गहन जानकारी प्राप्त की।

## झाँसी के खजाने में नाग देवता का धावा भांजे की कसम पर झुक गया फन, वीडियो वायरल



**झांसी।** झाँसी कलेक्ट्रेट के सरकारी खजाने के दफ्तर में घुसे छह फीट लंबे सांप ने पूरे दफ्तर में हड़कंप मचा दिया वन विभाग की टीम ने मशक्कत कर नाग देवता को पकड़ा और फिर जंगल में छोड़ने पहुंची लेकिन यहां से निकला सबसे चौंकाने वाला वीडियो दरअसल, वन विभाग के दरोगा प्रद्युम्न भदौरिया ने नाग देवता को पहले तो प्रणाम किया और फिर कहा—ह्यतुम्हें कसम है भांजे की, सीधे चले जाओ और अब हम चारों में से किसी को भी दिखाई मत देना। भांजे की कसम सुनते ही नाग देवता ने सचमुच सिर घुमा लिया और उल्टी दिशा में रेंगते हुए जंगल की ओर निकल पड़ा। यानी बेजुबान भी मान गए इंसान की बात और भांजे की कसम की ताकत का जलवाङ्ग इस पूरे वाकये का वीडियो अब सोशल मीडिया पर आग की तरह वायरल हो रहा है।

## अलग-अलग स्थानो पर दो महिलाओं के साथ हुई मारपीट

**कांधला।** थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव में दो महिलाओं के साथ पड़ोस के लोगों ने मारपीट कर दी घायल दोनों महिलाओं ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने पहुंचकर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव ढुढार निवासी महिला सविता ने बताया कि पड़ोस के लोग पीड़िता और उसके परिवार से रंजिश रखते हैं रंजिश के चलते आरोपियों ने रविवार की देर शाम पीड़िता के साथ जमकर मारपीट करते हुए घायल कर दिया। परिजनों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया पीड़ित महिला के परिजनों ने मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर दी है।

# पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुये चोरी के मामले से सम्बन्धित 05 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजय सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद संतकबीरनगर में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद पंकज कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में उ0नि0 राकेश कुमार, हे0का0 सम्पूर्णानन्द यादव, का0 जनार्दन प्रसाद थाना कोतवाली खलीलाबाद व का0 शुभम कुमार, का0 विवेक मिश्रा, का0 अरुण हलवाई एसओजी संतकबीरनगर, का0 ज्ञान प्रकाश सिंह, का0 नितीश कुमार, का0 पीयूष गुप्ता सर्विलांस सेल संतकबीरनगर की टीम ने सोमवार को 05 अभियुक्तगण राहुल गुप्ता पुत्र राजू गुप्ता निवासी उत्तर टोला वार्ड नं0 05 बंकी थाना कोतवाली बाराबंकी जनपद बाराबंकी, अनीस शेख पुत्र रिजवान शेख निवासी उत्तर टोला वार्ड नं0 05 बंकी थाना कोतवाली जनपद बाराबंकी, मोहम्मद शोएब पुत्र अनवर बादशाह निवासी भटकल थाना टाऊन जनपद कारवार राज्य कर्नाटक, आरिफ अब्दुल पुत्र रिजवान अब्दुल निवासी भटकल थाना टाऊन जनपद कारवार राज्य कर्नाटक, अब्दुल अलीम पुत्र फैयाज शेख निवासी भटकल थाना टाऊन जनपद कारवार राज्य कर्नाटक को आला नकब सलाई रिंच एक अदद, चोरी के जेवरात सफेद धातु 01 किग्रा 103 ग्राम व पीली धातु 81.58 ग्राम व 5 लाख 45 हजार रुपये नगद 01 अदद चार पहिया वाहन के साथ कुईकोल मोड के पास से गिरफ्तार किया गया।

पहली घटनाः- दिनाँक 28.09.2025 को वादी श्री धर्मेन्द्र कुमार पुत्र भुल्लुर प्रसाद निवासी आर0के0पूरम पश्चिमी बंजरिया थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर द्वारा थाना कोतवाली खलीलाबाद पर दिनाँक 13.09.2025 से 15.09.2025 तक जब वादी अपना घर लाक करके अयोध्या दर्शन करने गया था उसी समय अज्ञात चोर द्वारा वादी के घर व आलमारी का ताला तोड़कर 40,000रु0 नगद, एक सोने का चैन और दो जोड़ी चांदी का पायल चोरी कर लेने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया गया था। प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना कोतवाली खलीलाबाद पर मु0अ0सं0 881/2025 धारा 331(4), 305(ं) बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

दूसरी घटनाः- दिनाँक 14.09.2025 को वादिनी श्रीमती एकता सिंह पत्नी संगम सिंह हाल पता मड़या थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर द्वारा थाना कोतवाली खलीलाबाद पर प्रार्थना दिया गया कि वादिनी दिनाँक 10.09.2025 को मड़या स्थित किराये के मकान को बन्द करके अपनी सास को देखने लखनऊ गयी थी, दिनांक 14.09.2025 को जब वापस आयी तो उनके मकान का ताला टूटा हुआ था और घर में रखे सोने व चांदी के जेवरात व नगद रुपया चोरी हो गया था तथा वादिनी के मकान के निचले तल के मकान का ताला तोड़कर भी चोरी कर लिया गया है। प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना कोतवाली खलीलाबाद पर मु0अ0सं0 839/2025 धारा 331(4), 305(ं) बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली खलीलाबाद पर उक्त अभियोगों में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी

गिरफ्तार किये गये अभियुक्तों से पूछताछ की गयी तो बताये कि हम लोगो का एक गैंग है। हम सभी लोग मिलकर अपने आर्थिक, भौतिक एवं दुनियावी लाभ हेतु एक साथ मिलकर चार पहिया वाहन से भिन्न भिन्न क्षेत्रों में जा करके रेकी करके मकान को चिन्हित करते है तथा देर रात्रि में सही समय व मौका देखकर चोरी की घटना को अंजाम देते है। चोरी से प्राप्त जेवरात को बेचकर प्राप्त पैसे व चोरी में मिले पैसो को हम लोग आपस में बराबर बांट लेते है। दिनांक 13.09.2025 की शाम को हम सभी लोग बाराबंकी से इसी कार से निकले और अयोध्या, बस्ती, सहजनवा गोरखपुर होते हुए खलीलाबाद आये।

## पुलिस अधीक्षक ने मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के अन्तर्गत

# एक दिन की प्रभारी निरीक्षक धनघटा बनी छात्रा से किया संवाद

**वेलकम इंडिया**

**धनघटा।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं / बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत थाना धनघटा अन्तर्गत स्वामी विवेकानन्द इण्टर कालेज गागरगार, बण्डा बाजार थाना धनघटा की कक्षा 12वीं की छात्रा आर्या त्रिपाठी पुत्री श्री हरिगोविन्द त्रिपाठी निवासी ग्राम धनघटा थाना धनघटा को थाना धनघटा का एक दिन का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने छात्रा से जरिये गुगल मीट वार्ता की तथा पुलिसिंग की जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक बनकर आर्या त्रिपाठी ने थाने पर उपस्थित होकर जनसुनवाई किया तथा प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जाँच/आवश्यक कार्यवाही हेतु अधीनस्थों को आदेशित किया।

तत्पश्चात छात्राओं को थाने की कार्यप्रणाली, ऋकफ पंजीकरण की प्रक्रिया, महिला अपराधों से सम्बंधित कानूनी प्रावधान तथा 1090, 1930 व 112 डायल सेवा की जानकारी दी गयी। आश्वस्त किया कि महिलाएँ एवं छात्राएँ निडर होकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं और पुलिस सदैव उनकी सुरक्षा हेतु तत्पर है। ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्राओं/बालिकाओं में अपने जीवन में ऊंची उड़ान भरने के लिए सकारात्मक सोच विकसित करना है, जिससे वह समाज में एक सशक्त नारी शक्ति बनकर समाज के साथ समान हिस्सेदारी से मिलकर विकसित समाज बनाती हैं। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों तथा एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी प्राप्त किया।

## कमेटी के रुपए मांगने पर की मारपीट, कार्रवाई की मांग

**कांधला।** थाना क्षेत्र की नई बस्ती बिजलीघर मार्ग निवासी एक व्यक्ति ने अपने मोहल्ले के ही एक व्यक्ति पर कमेटी के रुपए मांगने पर आरोपी पर उसके पिता के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने पहुंच कर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी है। सोमवार को थाना क्षेत्र की नई बस्ती बिजली घर मार्ग निवासी अजहर पुत्र जमील ने बताया कि उसने अपने मोहल्ले के ही एक व्यक्ति के यहां पर कमेटी डाल रखी है। पीड़ित के अनुसार उसकी कमेटी के रुपए निकाले हुए हैं आरोप है कि सोमवार को उसका पिता जमील कमेटी के रुपए लेने के लिए गया हुआ था और जब उसने अपने रुपए मांगे तो आरोपी ने उसके पिता के साथ डंडों से मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया। शोर सराबा होने पर पड़ोस के लोग भी मौके पर आ गए।

# महाविद्यालय में नवरात्रि पर डांडिया-गरबा कर छात्राओं ने मचाया धमाल

**संदीप तिवारी/ वेलकम इंडिया**

**मिजार्मुराद।** गौर गांव (मिजार्मुराद) स्थित स्व.वंशनारायण सिंह महिला महाविद्यालय में सोमवार को नवरात्रि उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान, डांडिया, गरबा एवं भक्ति संगीत का भव्य आयोजन छात्राओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समझ माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।




प्रबंधक व भाजपा नेता संजीव सिंह गौतम ने कहां नवरात्रि में आयोजन का मुख्य उद्देश्य डांडिया एवं गरबा कोई साधारण नृत्य कार्यक्रम नहीं बल्कि यह देवी दुर्गा की आराधना के लिए किया जाने वाला भक्तिपूर्ण लोकनृत्य है, जो जीवन के चक्र और देवी की असीम शक्ति का प्रतीक है। कार्यक्रम कि संयोजिका डॉ. संगीता ने कहा कि परंपरागत डांडिया नृत्य से नई ऊर्जा का संचार होता है और ये हमारी संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने इसे भावी पीढ़ियों के लिए एक अहम उपहार बताया।

इस दौरान प्राचार्य डॉ. आशुतोष उपाध्याय, सचिव योगेश सिंह, प्रशासनिक अधिकारी अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित', शिवांगी सिंह 'शालू', डॉ. अंजना सिंह, गौरव उपाध्याय, डॉ. विजय सिंह, डॉ. संगीता सिंह, मुकेश यादव, अमृता सिंह, आरती प्रजापति, संजू गुप्ता, तृप्ति जायसवाल, श्वेता देवी, राजेश सिंह, वीरेन्द्र विश्वकर्मा, गोलू यादव, रामजी यादव समेत समस्त प्रवक्तागण व छात्राएं उपस्थित रही।

# पिता ने पुत्री की गोली मारकर की हत्या, पुलिस ने खुलासा कर भेजा जेल

**वेलकम इंडिया**

**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** थाना क्षेत्र के ग्राम अम्बेहटा में रविवार को उस समय सनसनी फैल गई थी जब पिता ने अपने बेटे के साथ मिलकर अपनी पुत्री की गोली मारकर हत्या कर दी थी।



घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी कैराना श्याम सिंह, प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण कर फील्ड यूनिट से साक्ष्य जुटवाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। सोमवार को शव पोस्टमार्टम से आने के बाद सपुर्द ए खाक कर दिया है। पुलिस ने हत्या आरोपी पिता के कब्जे से तमंचा बरामदकर जेल भेज दिया और पुत्र को पुलिस अभिरक्षा में लिया है। सोमवार को पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने जानकारी देकर बताया की मृतका का पिता जुल्फान पुत्र जहूर हसन अपनी बेटी सना के किसी युवक से फोन पर बात करने से नाराज था। बार-बार समझाने के बावजूद जब बेटी नहीं मानी तो उसने बेटे के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दे डाला।

# आर0के0जी0आई0टी0एम0 में अरूनिमा 2025 फ्रेशर पार्टी का आयोजन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद(अनिल वशिष्ठ)।** आर0के0जी0आई0टी0एम0 गाजियाबाद में सोमवार को अरूनिमा 2025 फ्रेशर पार्टी का आयोजन हुआ। जिसका विधिवत उदघाटन संस्थान के वाईस चेयरवूमन श्रीमती आंचल गोयल जी, ग्रुप एडवाईजर डॉ0 लक्ष्मण प्रसाद जी, डायरेक्टर डॉ0 राकेश गोयल जी, डीन स्टुडेंट वेलफेयर हरि गोपाल गर्ग जी, डीन एकेडमिक्स प्रो0 मनोरमा शर्मा जी, कैप्टन (डॉ0) दिनिषा भारद्वाज सिंह जी डायरेक्टर प्रिंसिपल आर0के0जी0 ग्लोबल स्कूल, द्वारा माँ सरस्वती के सम्मुख द्वीप प्रज्जलित कर किया गया। संस्थान की वाईस चेयर वूमन श्रीमती आंचल गोयल जी द्वारा सभी छात्र एवं छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी और उन्होने प्रथम वर्ष के छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जब आप स्कूल से कालिज का सफर तय करेगें तो आपको कई सारे अवसर प्राप्त होगे जैसे कालेज फेस्ट, टैक्नीकल प्रोजक्टस, अच्छा रोजगार अवसर के अवसर आदि। इस अवसर पर संस्थान के द्वितीय वर्ष के छात्र एवं छात्राओं ने रंगारग कार्यक्रम, रैम्प वॉक एवं नृत्य कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम मिस्टर एण्ड मिस फ्रेषर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम वर्ष के छात्र एवं छात्राओं का चयन इस प्रकार हआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ0 आभा वत्स, मिस खुशबू पाण्डे, प्रॉक्टर डॉ0 अरूण कुमार पाण्डेय, मि0 संदीप सिंह, मिस निधि गर्ग, मि0 मनीष श्रीवास्तव आदि सभी विभागाध्यक्ष, फैकल्टी एवं स्टाफ मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं, फैकल्टी एवं स्टॉफ का योगदान रहा। कार्यक्रम के अन्त में डॉ0 आभा वत्स ने सभी छात्र एवं छात्राओं को अत्यधिक मेहनत करके संस्थान को गौरवान्वित करने के लिये प्रेरित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# चेयरमैन विनोद वैशाली से सीएम योगी का संवाद, विकास प्रस्ताव पर मिली सहमति



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** नगर पालिका परिषद मोदीनगर कार्यालय परिसर में सोमवार को विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश @2047 विषय पर बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नगर पालिका परिषद मोदीनगर के चेयरमैन विनोद वैशाली से सीधा संवाद किया। बैठक में नगर के समग्र विकास से जुड़ी योजनाओं पर चर्चा हुई और महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश प्रदान किए। बैठक में मोदीनगर को औद्योगिक नगरी के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव रखा गया, जिस पर मुख्यमंत्री ने सहमति व्यक्त करते हुए विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर भेजने के लिए कहा। अब तक नगर में हुए विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई तथा आगामी योजनाओं पर मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री जी ने नगर पालिका मोदीनगर द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उनके प्रयासों को सराहा।बैठक में अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्र, आर.आई. अंकित चौधरी, सभासद संघर्ष समिति अध्यक्ष वेद प्रकाश चौधरी, ललित त्यागी, सूबे सिंह, लोकेश ढ़ोडी, ललित मित्तल, कृष्ण राज सेन, अर्जुन नेहरा, संजय चौधरी, राहुल राणा, गुलाब सिंह, सोनू कुमार, नीटू चौधरी, मोनू, बलराज सिंह, एस एफ आई अमरीश, अंकित गोयल अधिकारीगण एवं अन्य कर्मचारीगण की सक्रिय सहभागिता रही। अंत में मोदीनगर के समग्र विकास हेतु सामूहिक संकल्प लिया गया।

# पोषण माह के अन्तर्गत कन्या भोज का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** पोषण माह के अन्तर्गत कन्या भोज का आयोजन पलौता ग्राम सभा के आंगनबाड़ी केन्द्र पर किया गया। आंगनबाड़ी केन्द्र के बालिकाओं को मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख श्रीमती सुचेता सिंह, की उपस्थिति में कन्या भोज का उत्सव संपादित किया गया, मिशन शक्ति के अंतर्गत रंगारंग कार्यक्रम आंगनबाड़ी केन्द्र की बच्चियों द्वारा प्रस्तुत किए गए। ब्लाक प्रमुख महोदय द्वारा बच्चों को उपहार उपहार भेंट किया गया ।कार्यक्रम में ग्राम प्रधान श्री राजेश जी व बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती स्वाति पाठक , समस्त मुख्य सेविकाएं भी उपस्थित थीं।

# अनमोल रत्न काव्य संग्रह का भव्य लोकार्पण, साहित्यकार सम्मान एवं कवि सम्मेलन

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** छाया पब्लिक स्कूल, गोविंदपुरी, मोदीनगर के सभागार में पारिवारिक संबन्धों पर आधारित पुस्तक 'अनमोल रत्न' 2025 का भव्य लोकार्पण उत्सव मनाया गया। जिसमें सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, मोदीनगर, मुरादनगर, गाज़ियाबाद, दिल्ली, फरीदाबाद, मथुरा-वृंदावन के कवि एवं साहित्यकारो,ने बढ- चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष पूर्व राज्य मंत्री राम किशोर अग्रवाल, डॉ चक्र आचार्य, डॉ पवन सिंहल,डॉ वी.पी. शर्मा, डॉ सुरेंद्र सिंह अत्रीस,कवि 'ब्रजकण' आदि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का श्री गणेश किया। मेरठ से पधारे युवा कवि प्रशांत दीक्षित ने मधुर स्वर में माँ वीणा पाणि की वंदना से सभागार को गुंजित कर श्रोताओं से खूब तालियां बटोरी। पुस्तक पर विशेष साहित्यिक समीक्षा मोदीनगर के पतला डिग्री कॉलेज के प्रॉक्टर एवं हिंदी विभाग से सेवा निवृत्त साहित्यसेवी डॉ सुरेंद्र सिंह अत्रीस द्वारा की गई. आपने पुस्तक में प्रकाशित प्रथम,द्वितीय,तृतीय प्रतियोगियों की रचनाओं की व्याख्या तथा विशेष भाव पूर्ण पंक्तियों का काव्य पाठ कर सभागार में अपनी विद्वता का वर्चस्व कायम किया। अखिल भारतीय साहित्य मंच, मोदी नगर के संरक्षक राम किशोर अग्रवाल, डॉ पवन सिंहल,डॉ सुरेंद्र सिंह अत्रीस एवं डॉ चक्र आचार्य, डॉ वी.पी. शर्मा एवं कवि दरयाब सिंह राजपूत ₹ब्रजकण₹ द्वारा डॉ ब्रजेश कुमार मिश्र, डॉ मधुर बिहारी गोस्वामी तथा कवि हरि राम पथिक' को शाल,श्रीफल,सुंदर प्रतीक चिन्ह, फूल व मोतियों की माला पहना कर सम्मानित किया। यह सरस काव्य धारा धीरे-धीरे रात्रि के आगोश में समा गई. इस साहित्यिक कार्यक्रम का सुपर काव्यमय संचालन कवि अमित अरोड़ा ₹जगमोहन₹एवं कवि ₹ब्रजकण₹ ने किया।

# मांग पूरी नहीं हुई तो क्रमिक अनशन आमरण अनशन में बदल जाएगा




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** महामाया मंदिर सीकरी खुर्द के प्रांगण में ग्रामवासियों ने कुछ मांगों को लेकर क्रमिक अनशन शुरू कर दिया है। क्रमिक अनशन की अध्यक्षता धर्मपाल प्रधान ने की व संचालन राज वर्मा ने किया। क्रमिक अनशन पर विनोद कुमार अशोक गिरी राजवीर सिंह दिनेश गुर्जर व इंद्राज सिंह बैठे। पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ बबली गुर्जर ने बताया कि आज से 450 वर्ष पूर्व मंदिर का निर्माण सभी ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों ने मिलकर कराया था तभी से चैत्र महा के नवरात्रों में बहुत बड़ा मेला लगता चला आ रहा है। जिसमें कई प्रदेशों से लाखों श्रद्धालु माँ के दर्शन करने को आते हैं। उसी समय से लगातार ग्राम पंचायत मंदिर के निर्माण वे सौंदर्यीकरण का विस्तार करती चली आ रही थी । कुछ वर्षों पहले एक कमेटी बनाई गई। जिसके अध्यक्ष उपजिलाधिकारी मोदीनगर होते है। भवन के चढ़ावे का पैसा कमेटी के अकाउंट में जमा रहता है। जो लगभग आज की तारीख में बीस करोड़ रुपया जमा है। कई वर्षों से क्षेत्रवासी मांग करते चले आ रहे हैं कि इस पैसे से भवन के लिए जमीन खरीदी जाए।भवन का सौन्दर्यकरण कराया जाये। धर्मशालाएं बनाई जाए और श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो उसकी व्यवस्था की जाए।सभी ग्रामवासियों की मांग है कि मंदिर के नाम से एक ट्रस्ट बनाया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द से जल्द हमारी मांग पूरी नहीं हुई तो ये कार्मिक अनशन आमरण अनशन में बदल दिया जाएगा। राहुल प्रधान ने कहा कि प्रशासन की तरफ से हर बार बहका दिया जाता है । इस बार संघर्ष आर पार का होगा । इस मौके पर मुख्य रूप से धर्मपाल प्रधान बुधराम जगदीश सिंह ओमिंद्र गुर्जर चाहत राम। जयप्रकाश शर्मा कमल प्रधान राज वर्मा कपिल गुर्जर अनुज कुमार विपिन ठेकेदार नरेंद्र भगत जी सोनू सिंह यशपाल सिंह सुंदर गुर्जर मोनू प्रधान अमित ठेकेदार राहुल कुमार आदि उपस्थित रहे।

# वाराणसी में तीन दिवसीय एमएसएमई सेवा पर्व 2025 का हुआ सफल आयोजन

(संतोष कुमार सिंह)




**वाराणसी :-** सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 28 से 30 सितम्बर 2025 तक वाराणसी स्थित रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में एमएसएमई सेवा पर्व 2025 का आयोजन किया गया` इस तीन दिवसीय आयोजन का मुख्य विषय विरासत से विकास रहा सेवा पर्व के अंतर्गत कुटीर,हस्तशिल्प एवं लघु उद्योगों से संबंधित 130 स्टॉलों की प्रदर्शनी कार्यक्रम स्थल पर लगाई गई` प्रदर्शनी में हाथ से बनी बनारसी साड़ियों, हथकरघा उत्पादों,खादी एवं ग्रामोद्योग की विविध सामग्रियों सहित अनेक कुटीर उद्योग से संबंधित उत्पादों का आकर्षक प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शनी में न केवल वाराणसी के शिल्पकारों और उद्यमियों ने भाग लिया बल्कि आसपास के जनपदों के कारीगरों ने भी अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया` इन्हीं प्रदर्शनियों में से एक श्री महादेव खादी ग्रामोद्योग संस्थान,रौजा (गाजीपुर) के स्टॉल पर खादी से बने उत्पादों की बिक्री और प्रदर्शन को दर्शकों ने खूब सराहो इस अवसर पर भारी संख्या में स्थानीय लोगों एवं आगंतुकों ने न सिर्फ प्रदर्शनी का अवलोकन किया बल्कि पारंपरिक हस्तशिल्प एवं कुटीर उद्योग उत्पादों में गहरी दिलचस्पी दिखाई ।एमएसएमई सेवा पर्व 2025 ने स्थानीय कारीगरों, उद्यमियों एवं शिल्पकारों को अपने कौशल और उत्पादों को व्यापक स्तर पर प्रस्तुत करने का एक सुनहरा अवसर प्रदान किया` साथ ही इस आयोजन के द्वारा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सुद्दढ़ करते हुए विरासत से विकास की अवधारणा को रेखांकित किया गया।

# कौशांबी सेंट्रल पार्क जगमगाया: नगर निगम ने लगाईं 32 नई लाइटें

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** कौशांबी सेंट्रल पार्क अब रात में भी उजाले से जगमगाएगा। स्थानीय पार्षद कुसुम गोयल के प्रयासों से नगर निगम गाजियाबाद द्वारा पार्क के फुटपाथों पर 32 नई लाइटें लगाई गईं। इन लाइटों का शुभारंभ पार्क में आयोजित कार्यक्रम में किया गया। सोमवार को कार्यक्रम में प्लॉट एरिया के अध्यक्ष अजीत सिंह और जनरल सेक्रेटरी चंद्र प्रकाश ने नारियल फोड़कर लाइटों का उद्घाटन किया। मौके पर पार्षद कुसुम गोयल ने वरिष्ठ जनों का स्वागत फूल-मालाएं पहनाकर किया और क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। पार्षद ने इस कार्य के लिए नगर निगम गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक का आभार प्रकट किया। पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल ने कहा कि क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य जारी हैं और जल्द ही मुख्यमंत्री ग्रेड योजना के तहत भी कौशांबी में बड़े स्तर पर कार्य शुरू होंगे। लाइटों के शुभारंभ से क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल रहा। बड़ी संख्या में लोग इस अवसर पर उपस्थित रहे और सभी ने इस पहल की सराहना की। स्थानीय निवासियों ने कहा कि इन लाइटों के लगने से न सिर्फ पार्क सुंदर और सुरक्षित बनेगा, बल्कि देर शाम और रात के समय भी लोग आराम से सैर कर सकेंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्लॉट एरिया के अध्यक्ष देवेंद्र भार्गव, समाजसेवी सुनील गांधी, पप्पू चौपाल से राकेश जकेतिया, गौरव वर्मा, रवि शर्मा, पवन गुप्ता, एस.आर. सिंह, शिक्षाविद एवं सामाजिक कार्यकर्ता उर्मिला अरोड़ा, सोनम राय, ममता निमानी, पूनम तिवारी, सीमा राखी, प्रेम प्रकाश गोगिया, राजन मल्होत्रा, अमिताभ सिन्हा, कमल गुप्ता, राकेश मंगल, सिंह सजवान, एस.बी. कृष्णा, सरदार जसपाल सिंह, रवि, जुगल अग्रवाल, महाराज सिंह, योगेंद्र सिंह, चंदन कुमार समेत अनेक लोग मौजूद रहे। इस कार्यक्रम ने एक बार फिर साबित किया कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सक्रिय प्रयासों से क्षेत्र का निरंतर विकास संभव है और कौशांबी आने वाले दिनों में और भी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा।

# गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स कॉलेज में स्वच्छता पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पी.जी. कॉलेज में स्वच्छता पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।प्रथम स्थानः किन्जल तोमर द्वितीय स्थानः पलक तृतीय स्थानः निशा सैफी कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस की सभी इकाइयों के सहयोग से किया गया। प्राचार्या प्रो. पूनम शर्मा ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि समाज और हर नागरिक की जिम्मेदारी है। साथ ही, 15 सितम्बर 2025 को आयोजित अंतर-विभागीय डिस्प्ले बोर्ड सजावट प्रतियोगिता भी प्रो. पूनम शर्मा के मार्गदर्शन और मिस अवनी के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और टीम भावना का शानदार प्रदर्शन किया। विजेताओं के परिणाम 29 सितम्बर 2025 को घोषित किए गए। प्रतिभागी छात्र-छात्राएँ (डिस्प्ले बोर्ड) कनिका, वर्षा, दिव्या (अन्य 10 छात्र-छात्राएँ)




# विश्व हिंदू रक्षा परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा सभी मनोनीत पदाधिकारियों एवं सदस्यों को अंगवस्त्र एवं नियुक्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

(संतोष कुमार सिंह)




**वाराणसी :-** विश्व हिंदू रक्षा परिषद एक ऐसा संगठन है जो सनातन के लिए संपूर्ण भारत में कार्य कर रही है जिसके अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय द्वारा हिंदुत्व के प्रति कार्य करने के लिए संकल्पित है और उनके इस संकल्प में विश्व हिंदू रक्षा परिषद के तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण कदम से कदम मिलाकर संगठन को मजबूत करने में लगे हैं` विश्व हिंदू रक्षा परिषद के तत्वावधान में वाराणसी में संगठन के विस्तार को लेकर पदाधिकारियों एवं सदस्यों का पदग्रहण समारोह लोहता स्थित शन लाइट पब्लिक स्कूल कैम्पस में आयोजित किया गयो जहाँ नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों को माला पहनाकर और प्रशस्ति पत्र देकर संगठन की सदस्यता दिलाई गयी जिसके बाद नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों को विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के पदाधिकारियों द्वारा राष्ट्रहित में कार्य करने का दिलाया गया संकल्प नवनियुक्त पदाधिकारियों में मुख्य रूप से राकेश मौर्य जिला महामंत्री व्यापार प्रकोष्ठ, शक्ति सिंह जिलाध्यक्ष (युवा मोर्चा),सीता राय जायसवाल जिला महामंत्री लघु उद्योग,रत्नेश मौर्या जिला उपाध्यक्ष लघु उद्योग,अजीत शर्मा जिला उपाध्यक्ष बरेली और सदस्यगण में रामवचन प्रजापति, धर्मेन्द्र मौर्या,रामा प्रजापति,अभिषेक सिंह, पीयूष सिंह,पवन कुमार, अश्विनी कुमार,प्रेम चौहान,सोनू मौर्या,चंद्रशेखर सिंह कों संगठन में नई जिम्मेदारी दी गयी। शपथ ग्रहण समारोह में मनोनीत किया गया` विश्व हिंदू रक्षा परिषद द्वारा हुए शपथ ग्रहण समारोह में वरिष्ठ पदाधिकारियों ने सभी मनोनीत सदस्यों को अंगवस्त्र एवं नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# गाजियाबाद के एडिशनल कमिश्नर (आईपीएस) केशव चौधरी ...इस नाम को सुनकर भागे थे चित्रकूट के डकैत



इंद्रेश शर्मा

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद** । गाजियाबाद के एडिशनल कमिश्नर केशव चौधरी 2009 बेच के आईपीएस है । मूलरूप से बिहार के दरभंगा के रहने वाले केशव कुमार चौधरी 44 साल के हैं। उनका जन्म 9 जनवरी 1981 को बिहार के दरभंगा जिले में दयानाथ चौधरी के परिवार में हुआ था । उन्होंने इतिहास, राजनीतिशास्त्र और हिंदी से स्नातक तक की पढ़ाई की है अभी तक वे आगरा पुलिस कमिश्नरेट में अपर पुलिस आयुक्त के पद पर और झांसी में डीआईजी पर तैनात रहे। इससे पहले वे बहराइच में एसएसपी के पद पर तैनात रहे थे। केशव कुमार चौधरी को 2013 में सीनियर ग्रेड में प्रोन्नत किया गया। वे एक जनवरी 2023 को डीआईजी ग्रेड में प्रोन्नत किए गए। उनके बेहतर कार्यों के लिए डीजीपी का सिल्वर डिस्क 2021 और गोल्ड डिस्क 2024 के स्वतंत्रता दिवस समारोह में मिला था।

प्रदेश में उनकी गिनती तेज तर्रार और ईमानदार आईपीएस में होती हैं। झांसी और आगरा में रह चुके है तैनात, चित्रकूट के डकैतों का कर चुके है सफाया। तभी मुख्यमंत्री योगी जी ने इन पर भरोसा जताते हुए गाजियाबाद जिले में तैनाती दी है। इनके बारे में कहा जाता है कि पीड़ितों की फरियाद गंभीरता से सुन उस पर विधि अनुसार निर्णय लेना उनका अंदाज है इसका जीता जागता उदाहरण जब देखने को मिला जब वह प्रतिदिन की तरह जनता से सीधे तौर पर जनता की परेशानियों को सुन रहे थे तभी एक महिला ने अपनी फरियाद यह कह सुनाई कि उसके परिवार वाले उसकी शादी के खिलाफ और उसे मारने की धमकी दे रहे है तभी महिला की आप बीती सुन उन्होंने निर्णायक अंदाज में महिला को आश्वासन देते हुए कहा कि उन्हें डरने की जरूरत नहीं अगर ऐसा दुबारा होता है तो वह निसंकोच उन्हें इस बाबत दुबारा बता सकती है और उनकी कानून के तहत पूरी मदद की जाएंगी।

# महापौर ने किया 2 करोड़ 65 लाख की सीवर लाइन का शिलान्यास

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** ट्रांस हिण्डन क्षेत्र के इंदिरापुरम वासियों को अब बार-बार जाम और ओवरफ्लो होने वाली सीवर लाइन की समस्या से बड़ी राहत मिलने जा रही है। नगर निगम गाजियाबाद द्वारा वार्ड-79, न्याय खंड-1 में 2 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत से नई सीवर लाइन डालने का कार्य शुरू कर दिया गया है। सोमवार को महापौर सुनीता दयाल ने न्याय खंड-1 स्थित जीडीए मार्केट के सामने नारियल फोड़कर इस कार्य का विधिवत शिलान्यास किया।

इस मौके पर स्थानीय पार्षद हरीश कड़ाकोटी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। यह सीवर लाइन जीडीए मार्केट से एमटीएस तक तथा सेंट टेरेसा होते हुए न्याय खंड-1 तक डाली जाएगी। इसमें 600 एमएम व्यास की आरसीसी एलसी पाइपलाइन बिछाई जाएगी। जीडीए द्वारा इंदिरापुरम विकसित किए जाने के समय पुरानी सीवर लाइन डाली गई थी, जो अब जर्जर और कई स्थानों पर जाम हो चुकी है। इसके कारण न्याय खंड-1, अभय खंड और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को लंबे समय से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। कई बार पॉश इलाकों तक में सीवर का पानी ओवरफ्लो होने से समस्या विकराल रूप ले चुकी थी। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि इस नई सीवर लाइन के निर्माण के बाद लोगों को लंबे समय तक इस समस्या से निजात मिलेगी। उन्होंने बताया कि इंदिरापुरम के नगर निगम में हस्तांतरित होने के बाद से लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। सीवर, पानी की लाइन, नाले और अन्य बुनियादी ढांचों को दुरुस्त करने के लिए चरणबद्ध तरीके से काम चल रहा है। महापौर ने कहा कि इंदिरापुरम में हर वार्ड में विकास कार्य किए जा रहे हैं। आने वाले समय में भी नगर निगम आमजन की सुविधा को प्राथमिकता देगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने नगर निगम और महापौर का आभार जताया। सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की और कहा कि इस कार्य से क्षेत्र के हजारों परिवारों को राहत मिलेगी। शिलान्यास कार्यक्रम में भगवती प्रसाद जुयाल, सोबन सिंह, हरसिंग मेहता, परेश्वर जुयाल, डॉ. जयश्री सिन्हा, प्रतिभा कड़ाकोटी, आदित्य, अनुपम शुक्ला, नंदकिशोर, एसके सिन्हा, तोशी, पीसी कोटनाला, सूरज सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## पाक्सो एक्ट में दोषी को 20 साल का कठोर कारावास, हजारों रुपये का जुमार्ना

**गाजियाबाद।** मासूमों के साथ दरिंदगी करने वालों को अब कानून किसी भी सूरत में बख्शने वाला नहीं है। इसका बड़ा उदाहरण गाजियाबाद की विशेष पाक्सो अदालत ने पेश किया है। अदालत ने आठ साल पुराने चर्चित मामले में दोषी को कठोर सजा सुनाते हुए यह संदेश दिया है कि समाज में ऐसे अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। थाना लोनी, कमिश्नरेट गाजियाबाद क्षेत्र में वर्ष 2015 में दर्ज मुकदमा संख्या 1023/2015, वाद संख्या 260/2015 बनाम भरतपाल में सोमवार को विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट/अपर सत्र न्यायाधीश, कोर्ट नंबर 02 ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया। अदालत ने अभियुक्त भरतपाल को पाक्सो एक्ट की धारा 5एम/6 के तहत 20 वर्ष के कठोर कारावास और 50 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई। अर्थदण्ड न देने की स्थिति में दोषी को अतिरिक्त एक वर्ष की कैद भुगतनी होगी। इसके साथ ही न्यायालय ने दोषी को भारतीय दंड संहिता की धारा 354(क) के तहत 3 वर्ष का कारावास और 10 हजार रुपये जुमार्ने से दण्डित किया है। यह जुमार्ना न देने की स्थिति में 3 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# सांसद डॉ. लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने दिव्यांगजनों को भेंट कीं 40 अत्याधुनिक व्हीलचेयरें

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** सेवा पखवाड़े के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर जनपद में सोमवार को आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने दिव्यांगजनों को 40 अत्याधुनिक स्वचालित व्हीलचेयरें वितरित कीं।

यह पहल हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड की प्रमुख सामाजिक उत्तरदायित्व परियोजना 'समर्थ' के तहत सम्पन्न हुई। जिला विकास भवन में हुए इस आयोजन में कुल 40 आधुनिक व्हीलचेयरें निःशुल्क दी गईं, जिनकी अनुमानित लागत लगभग बाईस लाख पचास हजार रुपये है। इन व्हीलचेयरों को प्राप्त कर दिव्यांगजन आत्मनिर्भरता की ओर एक नया कदम बढ़ा सके, यही इस योजना का उद्देश्य रहा। इस अवसर पर डॉ. बाजपेयी ने कहा कि यह आयोजन केवल एक सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधि भर नहीं है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में सार्थक और सशक्त पहल है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को प्रदान की गई ये व्हीलचेयरें केवल चलने-फिरने का साधन नहीं हैं, बल्कि उनके आत्मसम्मान और स्वावलंबन की नई शुरूआत हैं। उन्होंने विशेष रूप से हुंडई मोटर इंडिया का आभार व्यक्त किया, जिसने समाज सेवा की दिशा में अनुकरणीय योगदान दिया। डॉ. बाजपेयी ने कहा कि यह प्रयास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में सहायक होगा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में इसे सफलतापूर्वक लागू किया जा रहा है। कार्यक्रम में हुंडई मोटर इंडिया से जियोंगिक ली, पुनीत आनंद, सौरभ शर्मा, अविक दुबे और संजीव शर्मा सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। इसी प्रकार जनप्रतिनिधियों में विधायक संजीव शर्मा, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, पूर्व महापौर आशु वर्मा, जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़, परियोजना निदेशक ग्रामीण विकास अभिकरण प्रदीप कुमार पाण्डेय तथा जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अंशुल चौहान भी उपस्थित रहे। मंच संचालन पूनम शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों ने इस पहल को समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाला कदम बताया। उनका कहना था कि सरकार, उद्योग और समाज यदि मिलकर कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए कार्य करें तो आत्मनिर्भर भारत का सपना अवश्य पूरा होगा। गाजियाबाद में हुए इस कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि दिव्यांगजन भी आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकते हैं।

# कौशांबी में मां दुर्गा की आराधना शुरू



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** कौशांबी क्षेत्र में दुर्गा पूजा महोत्सव का आगाज धूमधाम से हुआ। कौशांबी कल्चरल वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा सुमेर टावर के पास स्थित ग्राउंड में भव्य आयोजन का शुभारंभ किया गया। पार्षद कुसुम गोयल एवं पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल ने विधिवत पूजा-अर्चना कर महोत्सव का उद्घाटन किया।

इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे और माँ दुर्गा की आराधना में लीन होकर भक्तिमय वातावरण का आनंद लिया। पार्षद कुसुम गोयल ने कहा कि क्षेत्र की आस्था और संस्कृति को जोडे का कार्य दुर्गा पूजा करती है। इस प्रकार के आयोजन समाज को एकता और शक्ति का संदेश देते हैं। पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल ने कहा कि कौशांबी में हर वर्ष आयोजित होने वाला यह दुर्गा पूजा महोत्सव न सिर्फ धार्मिक आयोजन है बल्कि लोगों को जोडे का माध्यम भी है। हम प्रयास करेंगे कि आने वाले वर्षों में इसे और भव्य बनाया जाए। कार्यक्रम के आरंभ में पारंपरिक विधि से दुर्गा मां की प्रतिमा की स्थापना की गई। शंखनाद और ढोल-नगाड़ों की गूंज से पूरा पंडाल गूंज उठा। स्थानीय महिलाएं और बच्चे पारंपरिक परिधानों में सज-धज कर पूजा में शामिल हुए। दुर्गा पूजा महोत्सव में शामिल होने आए लोगों ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत करते हैं बल्कि क्षेत्र में सामाजिक सौहार्द और भाईचारे की भावना को भी बढ़ावा देते हैं। इस शुभारंभ अवसर पर स्थानीय नागरिकों की भारी भीड़ उमड़ी और सभी ने मां दुर्गा से क्षेत्र में सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक सम्पन्न

**गाजियाबाद।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में सोमवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों और विद्यालयों से प्राप्त शिकायतों एवं दस्तावेजों का गहन अध्ययन कर जल्द ही न्यायसंगत निर्णय लेना था। बैठक में जिलाधिकारी ने अभिभावकों का पक्ष धैर्यपूर्वक सुना और माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों तथा अन्य संबंधित दस्तावेजों का सावधानीपूर्वक अवलोकन किया। शिकायतकर्ता और विद्यालय ने अपने–अपने अभिकथन समिति को प्रस्तुत किए, जिनका शीघ्र ही निरीक्षण कर निर्णय पारित किया जाएगा। बैठक में उपस्थित अधिकारियों और प्रतिनिधियों ने एक सौहार्दपूर्ण और सहयोगी माहौल बनाए रखा। सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता डी के शर्मा, डीजीडीएम सेट आनन्द राम जयपुरीया, प्रदीप सुरेन्द्र साहनी सीए, नमीता बीएसए ऑफिस, विकास वघेल एएओ, अभिषेक शर्मा, मनीष राघव, अरूण कुमार सहित अन्य अभिभावक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जगदम्बा महाकाली डासना वाली के दर्शन हेतु आए गिरिराज सिंह



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नवरात्रि के शुभ अवसर पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह सोमवार को शिवशक्ति धाम, डासना पहुंचे। उन्होंने जगदम्बा महाकाली डासना वाली का दर्शन-पूजन किया और शिवशक्ति धाम के पीठाधीश्वर एवं जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज से मुलाकात की। दोनों के बीच सनातन धर्म की वर्तमान स्थिति और चुनौतियों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। केंद्रीय मंत्री ने यति नरसिंहानंद गिरी जी से कहा कि उनकी ऊर्जा और क्षमता सनातन धर्म के शत्रुओं से लडे में लगनी चाहिए, न कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से विरोध में।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि अगर नरसिंहानंद जी सनातन धर्म के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करेंगे तो वे हर मोर्चे पर उनके साथ मजबूती से खड़े रहेंगे। आज सनातन धर्म अपने अस्तित्व के सबसे बड़े संकट से गुजर रहा है। ऐसे समय में सबसे ऊजार्वान और साहसी धर्मगुरु को अपनी पूरी शक्ति धर्म के शत्रुओं पर केंद्रित करनी चाहिए। जो कार्य आप कर रहे हैं, वह ईश्वरीय कार्य है और इसमें हर हिन्दू को आपके साथ चलना चाहिए। मुलाकात के दौरान महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी ने मंत्री जी की बातों का सम्मान करते हुए आश्वासन दिया कि वे अब अपना ध्यान केवल सनातन धर्म के शत्रुओं पर केंद्रित करेंगे और मोदी-योगी का विरोध नहीं करेंगे। उन्होंने झटका मांस के पक्ष में गिरिराज सिंह की मुहिम का समर्थन करते हुए कहा कि मांसाहार किसी भी रूप में गलत है, लेकिन हलाल मांस का सेवन तो ब्रह्महत्या से भी बड़ा पाप है। मांस सहित हलाल उत्पादों का उपयोग करने वाले हिन्दू अपने वंश के विनाश का कारण स्वयं बनेंगे। इस अवसर पर पंडित सनोज शास्त्री और कृष्णवल्लभ भारद्वाज ने विधिविधान से केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह से मां और महादेव का पूजन कराया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अनिल यादव, डॉ. उदिता त्यागी, शशि चौहान, अक्षय त्यागी, ब्रजमोहन सिंह, विकास नागर, अशोक गोयल, बीना गोयल सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे। यह मुलाकात एक बार फिर इस बात का संकेत है कि राजनीति और धर्मक्षेत्र के प्रतिनिधि जब सनातन के मुद्दों पर एकजुट होते हैं, तो समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और धर्म की रक्षा के संकल्प को नई ऊर्जा मिलती है।

# विधायक संजीव शर्मा ने विजयनगर मंडल में जनसंपर्क कर जनता को जीएसटी छूट के लाभों से किया अवगत

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** शहर विधायक संजीव शर्मा ने विजयनगर मंडल के विभिन्न बाजारों में सोमवार को जनसंपर्क कर लोगों और व्यापारियों को जीएसटी छूट के लाभों के प्रति जागरूक किया।

यह कार्यक्रम जीएसटी छूट उत्सव के तहत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य आम जनता और व्यवसायियों को छूट का अधिकतम लाभ पहुँचाना था। विधायक संजीव शर्मा ने मंडल के पदाधिकारियों और व्यापारियों के साथ मिलकर बाजारों का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि जीएसटी में दी गई छूट से रोजमर्रा के सामान पर टैक्स कम हो गया है, जिससे आम जनता को सीधा आर्थिक लाभ मिल रहा है। वहीं, छूट के कारण बिक्री बढ़ रही है, जिससे व्यापारियों को भी वित्तीय लाभ प्राप्त हो रहा है। संजीव शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनता को दी गई यह छूट त्योहारों के शुभ अवसर पर एक अनमोल तोहफा है। उन्होंने बताया कि इस छूट के माध्यम से ना केवल ग्राहकों को सस्ते उत्पाद उपलब्ध होंगे, बल्कि व्यापारियों को भी अपने व्यवसाय को बढ़ाने का अवसर मिलेगा। जनसंपर्क के दौरान मंडल के प्रमुख व्यापारी संजीव कुमार, पुनीत जैन, कपिल गर्ग, संजीव बरनवाल, मनीष अग्रवाल, दुष्यंत कुमार, कर्ध कुमार सहित कई व्यापारी उपस्थित रहे और उन्होंने इस पहल की सराहना की। विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि यह अभियान समाज के हर वर्ग को आर्थिक लाभ पहुंचाने और व्यापारियों को सशक्त बनाने का माध्यम है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे जीएसटी छूट का अधिकतम लाभ उठाएँ और त्योहारों के अवसर पर इसका सही उपयोग करें। मीडिया सलाहकार अजय चोपड़ा ने बताया कि यह जनसंपर्क अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा और विजयनगर मंडल के सभी क्षेत्रों में लोगों को छूट के लाभों के प्रति जागरूक किया जाएगा।

# हाफ मैराथन 3 .0 में 4,000+ धावकों ने भाग लिया

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** दिल्ली-एनसीआर के प्रतिष्ठित स्वास्थ्य संस्थानों में शामिल यशोदा मेडिसिटी ने रविवार को वर्ल्ड हार्ट डे 2025 के अवसर पर तीसरे संस्करण की यशोदा हाफ मैराथन 3.0 का भव्य आयोजन किया। 'अपने दिल के लिए दौड़ो' अभियान के तहत आयोजित इस मैराथन ने न केवल स्वास्थ्य और फिटनेस की दिशा में लोगों को जागरूक किया, बल्कि सामुदायिक सहभागिता और सामाजिक जुड़ाव का भी संदेश दिया। इस मैराथन में बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक 4,000 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 5:30 बजे डॉ. पी.एन. अरोड़ा (अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, यशोदा मेडिसिटी), डॉ. उपासना अरोड़ा (प्रबंध निदेशक), सांसद एवं राष्ट्रीय महामंत्री भाजपा अरुण सिंह और जिलाधिकारी रविंद्र कुमार माँदर (आईएएस) ने फ्लैग ऑफ करके किया। उद्घाटन के साथ ही मैराथन ने गाजियाबाद और दिल्ली-एनसीआर समुदाय में स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूकता फैलाना शुरू कर दिया। डॉ. पी.एन. अरोड़ा ने न केवल इस आयोजन का नेतृत्व किया बल्कि सामुदायिक स्वास्थ्य, प्रिवेंटिव हेल्थकेयर और हृदय स्वास्थ्य जागरूकता के क्षेत्र में अपने निरंतर योगदान से इस कार्यक्रम को विशेष महत्व दिया। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से प्रतिभागियों को प्रेरित किया और उनके स्वास्थ्य के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को जागृत किया। उनके प्रयासों की वजह से ही यह मैराथन सिर्फ दौड़ नहीं, बल्कि एक जागरूकता आंदोलन बन गई। 21.1 किलोमीटर, 10 किलोमीटर, 5 किलोमीटर और 3 किलोमीटर। विशेष रूप से स्पेशल ओलंपिक्स भारत के 100 से अधिक बच्चों ने भाग लेकर कार्यक्रम को और अधिक सार्थक बनाया। दौड़ यशोदा मेडिसिटी से शुरू होकर एलिवेटेड रोड होते हुए अस्पताल परिसर में समाप्त हुई। प्रतिभागियों की सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता दी गई।

